हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

# आरटीई का पोर्टल खुला: नर्सरी और केजी में नहीं मिलेगा प्रवेश, सीटें भी घटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में निःशुल्क दाखिले के लिए आरटीई का पोर्टल शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन इस वर्ष राज्य शासन के निर्देशानुसार आरटीई से प्रवेश के लिए नर्सरी और केजी की कक्षाएं समाप्त कर दी गई है। पोर्टल में कक्षा पहली से ही बच्चों को दाखिले की सूचना दी जा रही है।

आरटीई में दाखिले के लिए बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, माता-पिता अभिभावक का आधार कार्ड, बीपीएल अथवा अंत्योदय राशन कार्ड, पता सत्यापन हेतु बिजली बिल एवं अन्य दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। पोर्टल में इन दस्तावेज को अपलोड करना है। इधर आरटीई के पोर्टल खुलने की जानकारी मिलते ही अभिभावक अपने बच्चों के दाखिले के लिए कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस वर्ष नर्सरी में दाखिला नहीं मिलने से निराशा भी हो रही है।

इधर जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल द्वारा सभी निजी स्कूलों की बैठक ली थी। इस बैठक में इस साल आरटीई के संबंध में चर्चा की गई, नए नियमों की जानकारी दी गई है। बताया गया कि स्कूलों द्वारा आरटीई के तहत सीटों की जानकारी अपडेट की जा रही है। ज्ञात हो इस बार नए नियमों के चलते पिछले साल के मुकाबले इस बार आरटीई की सीटों में काफी कमी आई है। वहीं मंगलवार को शुरु हुए पोर्टल में भी स्कूलों में सीटों की जानकारी सही तरीके से नहीं दर्शाए जाने से पालको को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## पोर्टल में नहीं दिख रहा स्कूलों का नाम और रिक्त सीटों की जानकारी, पालकगण परेशान

### कक्षा पहली में दाखिला
निजी स्कूलों में निःशुल्क शिक्षा के लिए 16 से 31 फरवरी तक प्रथम चरण के तहत आरटीई का आवेदन पोर्टल के माध्यम से किया जाना है, लेकिन 16 तारीख की शाम तक पोर्टल नहीं खुला था। वहीं आज सुबह पोर्टल खुलने के बाद इसमें नर्सरी और केजी के लिए आवेदन की जानकारी भी दिख रही थी। लगभग सुबह 10 बजे के आसपास पोर्टल अपडेट होकर कक्षा पहली में दाखिले के लिए खोला गया।

### पोर्टल पर नहीं दिख रहा स्कूल


आरटीई के माध्यम से पोर्टल में 5 वर्ष आयु सीमा से साढ़े 6 वर्ष आयु सीमा तक के बच्चों के लिए आवेदन किया जाना है, लेकिन आवेदन की प्रक्रिया के दौरान पोर्टल में संबंधित क्षेत्र से आवेदन भरने पर स्कूल नहीं दिखाए जाने की समस्या भी आ रही है। जिसकी वजह से पालक अपने बच्चों का आवेदन नहीं भर पा रहे हैं।

### 13 अप्रैल से लॉटरी
पहले चरण के तहत 16 फरवरी से 31 मार्च आवेदन और नोडल अधिकारी द्वारा वेरिफिकेशन किया जाएगा। वहीं लॉटरी एवं आबंटन की प्रक्रिया 13 अप्रैल से 17 अप्रैल तक होगा और 1 मई से 30 मई तक स्कूल में दाखिला दिया जाएगा। वहीं द्वितीय के तहत पोर्टल में छात्र पंजीयन 1 जुलाई से प्रारंभ होगा।

### दो चरणों में होगा दाखिला
पोर्टल में प्रदेशभर से पहले दिन ही 13000 से अधिक विद्यार्थियों के दाखिले के लिए आवेदन भरे जा चुके हैं। इस पोर्टल में प्रदेश के 33 जिले के लिए 6848 स्कूलों में दाखिला होना है। आरटीई के लिए लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर से जारी समय-सारिणी अनुसार सत्र दो चरणों में दाखिला किया जाएगा। जिसके पहले चरण के तहत दाखिले की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## मध्यप्रदेश निर्मित चार पेटी अंग्रेजी शराब के साथ पकड़ाया आरोपी

# अंतर्राज्यीय शराब तस्करों पर शिकंजा दो वाहन के साथ 6 आरोपी पकड़े गए

### डोंगरगढ़ और उससे लगे इलाकों में खपाई जा रही पड़ोसी राज्यों की शराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब की अवैध तस्करी के खिलाफ पुलिस के पिछले चार महीने से चलाए जा रहे अभियान के बावजूद जिले में तस्करी का दौर रूक नहीं रहा है। ऐसे ही दो प्रकरण पर पुलिस ने एक्शन लिया है। बताया गया कि दूसरे प्रदेशों से अवैध रूप से शराब तस्करी करने के मामले में पुलिस ने दो अलग-अलग मामले में दो वाहन कार एवं स्कार्पियों को पकड़ा। जिसमें बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई है। इस मामले में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में अवैध शराब तस्करों एवं कोचियों के विरूद्ध धरपकड़ अभियान चलाया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने पत्रवार्ता में बताया कि दो थाना क्षेत्र बागनदी एवं डोंगरगढ़ में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में कार्रवाई की गई है।

**खास बातें**
- बाघनदी और डोंगरगढ़ थाना में की गई कार्रवाई
- अंग्रेजी ब्रांड की शराब के साथ ही बियर की बोतलें भी कार्रवाई में की गई जब्त



### स्कार्पियों में था 4 पेटी गोवा शराब
इसी तरह थाना डोंगरगढ़ के प्रकरण में मध्यप्रदेश निर्मित 4 पेटी गोवा अंग्रेजी शराब कुल 32.04 बल्क लीटर कीमती 19,980 रुपए का एक स्कार्पियों वाहन जब्त किया गया है। इस मामले में आरोपी प्रहलाद निर्मलकर 22 वर्ष ग्राम सलोनी, नोहर वर्मा 24 वर्ष ग्राम अन्या नवागांव, लाकेश कंवर 21 वर्ष ग्राम पिपरिया व दामेंद्र कुमार साहू 19 वर्ष ग्राम नागतराय के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार उपरोक्त प्रकरणों में शराब तस्करी में संलिप्त अन्य आरोपियों के संबंध में विवेचना की जा रही है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की इस कार्रवाई से अवैध रूप से शराब की तस्करी करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

### शराब का जखीरा बरामद
पुलिस ने उक्त दो प्रकरणों में कुल 6 आरोपियों के कब्जे से दो चारपहिया वाहनों में कुल अंग्रेजी शराब 29 पेटी 260.8 बल्क लीटर कीमती 3,02,610 रुपए जब्त की गई। जिसमें थाना बागनदी क्षेत्र के मामले में मध्यप्रदेश निर्मित 25 पेटी शराब कुल 228 बल्क लीटर कीमत 2,82,630 रुपए है। जिसमें मैकडॉवल नंबर-1 (5 पेटी), रॉयल स्टैग (5 पेटी), ब्लेंडर प्राइड (5 पेटी), ब्लैक एंड व्हाइट (1 पेटी), गोवा अंग्रेजी शराब (6 पेटी), किंगफिशर बीयर (2 पेटी) एवं बडवाइजर बीयर (1 पेटी) के साथ एक हुंडई आई-20 कार, शराब की कुल कीमत 2,82,630 रुपए है। इस मामले में आरोपी तोषण ठाकुर 30 वर्ष कोटा रायपुर व अनुराग सिंह राजपूत 32 वर्ष कोटा रायपुर पर कार्रवाई की गई है।

### बागनदी चौक, देवकट्टा-खैरागढ़ मार्ग में पकड़े गए
इस अभियान के तहत 17 फरवरी को साइबर सेल व थाना बागनदी संयुक्त टीम द्वारा बागनदी चौक के पास हुंडई आई-20 कार में परिवहन करते 2 आरोपियों के कब्जे से 228 बल्क लीटर कीमत 2,82,630 एवं थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के देवकट्टा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर परिवहन करते काले रंग की स्कॉर्पियों वाहन में 4 आरोपियों के कब्जे से 32.04 बल्क लीटर कीमती 19,980 रुपए जब्त की गई।

# गुरु दीक्षा लेकर सनातनी परंपरा में लौटे वनांचल के 200 परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

दक्षिण पीठ के पीठाधीश्वर जगतगुरु नरेन्द्राचार्य महाराज के आगमन से अंबागढ़ चौकी का क्रिकेट स्टेडियम भक्तिमय हो गया। जिले के इतिहास में पहली बार आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में धर्म आचार्य ने विशाल जनसभा को संबोधित करते हिंदू एकता का मंत्र दिया।

उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वर्तमान समय में अपनी संस्कृति और धर्म की रक्षा के लिए सभी हिंदुओं का एकजुट होना परम आवश्यक है। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण समस्या मार्गदर्शन सत्र रहा, जहां हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर जगतगुरु के दर्शन किए और अपनी समस्याओं का निवारण पाया। स्वामीजी ने लोगों को आध्यात्मिक उपायों के साथ जीवन जीने की सही राह दिखाई।

इस धार्मिक समागम में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 200 लोगों ने स्वेच्छा से घर वापसी की। जगतगुरु नरेन्द्राचार्य जी ने इन सभी को गुरु दीक्षा देकर आशीर्वाद दिया और गले लगाया। दीक्षा प्राप्त करने वालों ने संकल्प लिया कि वे अब आजीवन सनातन धर्म के नियमों का पालन करेंगे।

### अंबागढ़ चौकी में धर्म संसद जगतगुरु नरेन्द्राचार्य का आह्वान हिंदू रहे एकजुट



### सत्कर्म मार्ग में चलने का आह्वान
जगद्गुरु श्री ने अपने संदेश में कहा कि मनुष्य को अपने जीवन में अध्यात्म और विज्ञान का संतुलन बनाए रखना चाहिए। यदि व्यक्ति अपने मन को संयमित कर सत्कर्म के मार्ग पर चले तो उसका जीवन सुख, शांति और आनंद से परिपूर्ण हो सकता है। उन्होंने तुम जियो और दूसरों को जीवन दो के संदेश को पुनः दोहराते हुए समाज में प्रेम, समरसता और सेवा की भावना को बढ़ाने का आह्वान किया।

### धर्म रक्षक की भूमिका में दिखी टांडिया
इस ऐतिहासिक आयोजन की सफलता में जनपद सदस्य मानपुर रेणु टांडिया और उमाकांत टांडिया की भूमिका बेहद अहम रही। उन्होंने धर्म जागरण की मिसाल पेश करते सुदूर वनांचल क्षेत्रों से 100 ऐसे लोगों को मुख्यधारा में वापस लाने का कार्य किया, जो किन्हीं कारणों से धर्म से विमुख हो गए थे। रेणु टांडिया स्वयं इन सभी को लेकर दीक्षा स्थल तक पहुंची। विशेष अतिथि के रूप में सच्चिदानंद उपासने प्रबल प्रताप सिंह जूदेव, संजीव शाह उपस्थित रहे, जिन्होंने आयोजन की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### सट्टा, आरोपी पकड़ाया



**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने सट्टा-पट्टी लिखने के आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 16 फरवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि रेहान अहमद कश्मीरी पारा अपने घर के बगल गली में सट्टा-पट्टी लिख रहा है। मुखबीर सूचना पर आरोपी रेहान अहमद को अंकों के सामने रुपए-पैसों का दांव लगाकर सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से एक नग सट्टा-पट्टी, एक नग डॉट पेन, नगदी रकम 1020 रुपए एवं एक मोबाइल फोन जब्त कर आरोपी के विरुद्ध छग जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 6 के तहत कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### मॉय एंगल




# वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर: जिले में 2 डिग्री तक चढ़ेगा रात का तापमान, दिन में भी बढ़ेगी तपन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

फरवरी के दूसरे सप्ताह से जारी तापमान में वृद्धि का ट्रेंड आगे भी जारी रहने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते अंचल में जहां रात के तापमान में दो डिग्री तक इजाफा संभव है। वहीं दिन के तापमान में भी वृद्धि का दौर बना रहेगा। जिसकी वजह से फरवरी महीने में ही मार्च माह जैसी तपन देखने को मिलेगी। ज्ञात हो कि राजनांदगांव जिले का तापमान 33 डिग्री के करीब पहुंच गया है।

इधर मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अंचल में एक पश्चिम में विक्षोभ मध्य पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के ऊपर 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। एक प्रेरित ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पंजाब और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। दूसरा पश्चिमी विक्षोभ दक्षिण पूर्व पाकिस्तान और उसके आसपास स्थित है तथा यह 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसकी वजह से तापमान में वृद्धि देखने को मिल रही है।

मौसम विभाग द्वारा जारी बुलेटिन के अनुसार प्रदेश में कल 18 फरवरी को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अगले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान में 2 डिग्री के आसपास वृद्धि होने की संभावना है। उसके बाद न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अधिकतम तापमान में हल्की वृद्धि का दौर लगातार जारी रहने की संभावना है।



### दुर्ग-रायपुर से गर्म नांदगांव
राजनांदगांव का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री पर पहुंच गया है। यह प्रदेश के अधिकांश शहरों से अधिक है, जिनमें दुर्ग, रायपुर, जगदलपुर और बिलासपुर जैसे शहर शामिल है।

# शराब बिक्री के मामले में दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शराब बिक्री एवं अवैध रूप से परिवहन किए जाने के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों पर कार्रवाई की है। आरोपियों से कुल 59 पौवा देशी मसाला बरामद किया गया है।

एसपी अंकिता शर्मा के निर्देशन, एएसपी कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन व सीएसपी अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में अवैध शराब बिक्री व परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव के नेतृत्व में थाना सोमनी क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री परिवहन पर कार्रवाई हेतु अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत ग्राम ठेकवा कुमारी ढाबा में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे मिथलेश साहू 22 साल निवासी ग्राम खुटेरी के कब्जे से 8 पौवा देशी मसाला शराब कीमती 800 रुपए एवं बिक्री रकम 300 रुपए को जब्त कर धारा 34(1)(ख) आबकारी एक्ट का कायम कर आरोपी मिथलेश साहू का विधिवत गिरफ्तारी किया गया।



### आबकारी एक्ट के तहत एक्शन
ग्राम सोमनी में अवैध रूप से शराब परिवहन कर ले जाने की सूचना मिलने पर भगवती नगर सोमनी के पास घेराबंदी कर बाइक को रोककर उसमें सवार युवक से पूछताछ करने पर अपना नाम पुरानिक विश्वकर्मा 27 साल निवासी ग्राम नवागांव का रहने वाला बताया, जो अपने पास एक प्लास्टिक थैला रखा था, जिसे चेक करने पर 37 पौवा देशी मसाला शराब एवं गाड़ी की डिक्की में 14 पौवा देशी मसाला शराब रखे मिला। आरोपी के कब्जे से कुल 51 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 5100 एवं बाइक को जब्त किया गया।

# महीनेभर बाद पकड़ाया फरार शराब का कोचिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमड़ीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 13 जनवरी को पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम मचानपार में एक मोटर साइकिल होंडा लीवो में एक पीले रंग के प्लास्टिक बोरी में अधिक मात्रा में शराब बिक्री करते घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर नाकेबंदी करने पर आरोपी बाइक छोड़कर भाग गया। जिसमें 42 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब शोले ब्रांड को बरामद कर चौकी तुमडीबोड में आबकारी एक्ट धारा 34(2) कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार अपराध विवेचना आरोपी खेमदास 28 वर्ष मचानपार को गिरफ्तार किया गया था। मामले के फरार आरोपी लोकेंद्र उर्फ रिंकू जांगड़े 25 वर्ष मचानपार को विधिवत गिरफ्तार का न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

बोरी में शराब एवं बाइक को छोड़कर फरार हुए आरोपी की पता तलाश कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

## फुलझर क्षेत्र में संचालित औद्योगिक कंपनी के खिलाफ लोग नाराज

# न्यू लुक बायो फ्यूल के विरुद्ध ग्रामीणों का विरोध प्रदूषण और जन-सुरक्षा को लेकर कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सोमनी क्षेत्र के फुलझर, बैगाटोला, मगरलोटा, इन्दावनी, बिरेंझर, नवागांव सहित आधा दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीणों ने यहां संचालित औद्योगिक इकाई न्यू लुक बायो फ्यूल के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। धरना प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर कंपनी के संचालन पर रोक लगाने और जांच कराने की मांग की गई है।



युवा कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव निखिल द्विवेदी ने कहा कि कंपनी से निकलने वाले प्रदूषण के कारण आसपास के लगभग 10 गांवों के बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। साथ ही क्षेत्र के तालाब व जलस्त्रोत प्रदूषित हो रहे हैं, जिससे पेयजल संकट गहराता जा रहा है। वहीं खेतों की फसल प्रभावित हो रही है, पेड़ सूख रहे हैं और जमीन की उर्वरता भी घट रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी का संचालन बिना समुचित जन-सुनवाई के किया गया। वहीं पंचायत स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं हुआ। साथ ही कंपनी द्वारा सीएसआर मद से ग्राम पंचायतों को अपेक्षित सहयोग भी नहीं दिया गया है।

**प्रदूषण पर रोक लगाने मांग :** अपने आंदोलन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर प्रदूषण पर रोक लगाई जाए और क्षेत्र की जनता को राहत दिलाई जाए। इस दौरान जनपद सदस्य मोहनीश धनकर, सोनू धनकर, शुभम पांडे, सरपंच पूर्णिमा शिवहरे, रमाकांत साहू, कमल साहू, चुनेश्वर साहू, शंकर देशलहरे, टिंकू साहू, चंद्रशेखर मालेकर, देवचंद राधेश्याम साहू, धर्मेंद्र साहू, शरद पटेल, उमेश देशमुख, राकेश निर्मलकर, शैलेश साहू, सुभाष द्विवेदी, देवलाल साहू, सहित फुलझर, बैगाटोला, मगरलोटा, इन्दावनी, बिरेंझर, नवागांव और मुढ़ीपार के किसान उपस्थित थे।

### दुर्घटना का खतरा
शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने कहा कि कंपनी परिसर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने के कारण भारी वाहन सड़कों पर खड़े रहते हैं, जिससे लगातार दुर्घटना का खतरा बना रहता है। उन्होने कहा कि इस विषय में पूर्व में भी शिकायतें की जा चुकी हैं, किंतु अब तक ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### जांच कार्रवाई की मांग
इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अग्रेश्वर देशमुख ने कहा कि जनता के स्वास्थ्य और पर्यावरण से खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं किया जाएगा। प्रशासन तत्काल संयुक्त जांच दल बनाकर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करें और यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो कंपनी के संचालन पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## खबर संक्षेप

### भागवत कथा का समापन आज



**सड़क अतरिया।** ग्राम चकनार में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथा का समापन कल बुधवार को होगा। कथा वाचक सुरज उपाध्याय एवं परायण कर्ता विकेश दुबे है। लोग भक्तिमय माहौल में कथा का रसपान कर रहे हैं। कथा में मंगलवार को अनन्य विवाह एवं सुदामा चरित्र का वर्णन किया गया। श्री उपाध्याय ने कहा कि इंसान को जीवन में किसी भी परिस्थिति में भगवान का ध्यान करना नहीं छोड़ना चाहिए। जीवन में सुख दुख का पहिया थम कर नहीं रहता वह हमेशा घूमते रहता है। जिस इंसान पर दुख आता है, तो भगवान का ध्यान उस पर अधिक रहता है। कल समापन पर परिक्षित मोक्ष एवं पूर्णाहुति का आयोजन होगा।

### विकास मूलक शिक्षा पर कार्यशाला



**डोंगरगांव।** चेतना विकास मूल्य शिक्षा बीटीआई का पांच दिवसीय कार्यशाला गत दिनों संपन्न हुई। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, मानवीय शोध शिक्षा केंद्र अभ्युदय संस्थान अछोटी के तत्वावधान में आयोजित की गई थी। कार्यशाला में विभिन्न डायट में डीएलएड, बीएड, एमएड के छात्रों के लिए नई शिक्षा नीति के तहत चेतना विकास मूल्य शिक्षा की जानकारी अभ्युदय संस्थान के बसंत साहू और पूनम साहू ने दिया। समापन मौके पर बीटीआई के प्राचार्य मुकुल साव, शिक्षक देवेश जैन, एनआर लेंझारे, श्रीमती दुबे, पीएल साहू मौजूद थे। सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए जीवन में उतारने प्रेरित किया।

### छात्रों को विदाई



**पटेवा।** सरस्वती शिशु मंदिर हाईस्कूल पटेवा में कक्षा नवम के भैया बहनों ने बिदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती, ओंम, भारत माता की पूजा अर्चना कर अध्यक्ष टीआर हिरवानी, बहुरसिंह साहू, मुरली साहू, एलएल साहू, एमएस राजपूत ने किया। इस मौके पर श्री हिरवानी ने कहा कि भैया बहनों में संस्कार का होना आवश्यक है। उन्होंने पढ़ाई पर ध्यान देने एवं ग़लत से दूर करने कहा। समारोह को बहुरसिंह साहू, प्राचार्य रोहित निर्मलकर ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर कक्षा नवम के भैया बहनों ने कक्षा दशम के भैया बहनों को गिफ्ट भेंटकर बिदाई। इस अवसर पर लक्ष्मी गुप्ता, धनेश्वरी वर्मा, प्रीति वर्मा, खुशबू कुर्रे, निशा चंदेल, नेमा वर्मा, दीप्त साहू, त्रिवेणी साहू, सोनम साहू, देवेन्द्र मैथिल क्षत्रिय, नीलमणि साहू, संजीव वर्मा आदि उपस्थित थे।

# जनसहयोग से गौधाम गौशाला का संचालन, मवेशी हुए सुरक्षित

## चारा पानी का इंतजाम, दुर्घटना में आई कमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

चकनार नर्मदा के ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से गौधाम गौशाला शुरू किया गया है। यहां घुमंतु मवेशियों को संरक्षित किया किया रहा है। ग्रामीणों के प्रयास की चहुं ओर प्रशंसा हो रही है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में गांव एवं सड़कों पर मवेशी घूमते रहते थे। उनके चारा और पानी का भी प्रबंध नहीं होता था। सड़क में हमेशा दुर्घटनाएं भी होते रहती थी। वही इन मवेशियों के कारण किसानों को नुकसान उठाना पड़ता था। परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों ने मवेशियों के लिए गौशाला खोलने की योजना बनाई और समिति का गठन किया। योजना से प्रभावित होकर डेढ़ दर्जन से अधिक लोग समिति में शामिल होकर जनवरी में गौधाम गौशाला का संचालन शुरू किया। वर्तमान में यहां सौ से भी अधिक मवेशियों की देखभाल किया जा रहा है। यहां पर्याप्त चारा पानी की व्यवस्था है। मवेशियों की देखभाल के लिए चारवाहा नियुक्त किया गया है जो

### दिव्यांग मवेशियों को फायदा

गौशाला में तीन- चार मवेशी दिव्यांग है। ऐसे मवेशियों को यह गौशाला काफी राहत पहुंचा रही है। यहां चारा, पानी तथा चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराया जा रहा है। दिव्यांग एवं बीमार मवेशियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है।



### फसलें हुई सुरक्षित

गौशाला शुरू होने के बाद से यहां के किसानों की फसल काफी हद तक सुरक्षित हो गई है। पहले किसानों को मवेशियों से फसलों को सुरक्षित करने चौकीदारी, घेरा की व्यवस्था करना पड़ता था।

### सड़क पर मवेशी हुए कम

राजनांदगांव- कवर्धा मार्ग पर स्थित नर्मदा चकनार में पहले मवेशियों का जमावड़ा रहता था। सड़क पर मवेशी होने से लोगों एवं वाहन चालको को परेशानी होती थी। आए दिन दुर्घटना होते रहती थी। गौशाला खुलने के बाद से सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा देखने नहीं मिल रहा है। दुर्घटनाओं में भी कमी आई है। गौधाम गौशाला समिति के कालुराम जंघेल एवं सुभाष जैन ने बताया कि ग्रामीणों के सहयोग से गौधाम गौशाला का सफल संचालन हो रहा है। जिनका मुख्य उद्देश्य आवारा मवेशियों का देख भाल एवं गौसेवा करना है।

## अब चौपाटी के माध्यम से विकास और व्यापार को गति देने की मांग

# उपेक्षा के चलते गंडई के विकास को अब तक नहीं मिली गति

## अंचल में बुनियादी सुविधाओं का आभाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई को नया जिला बने लंबा समय बीत चुका है, लेकिन गंडई क्षेत्र आज भी अपने वजूद और विकास के लिए तरस रहा है। शासन-प्रशासन की उदासीनता का आलम यह है कि जिला बनने के बाद भी यहां कोई विशेष विकास कार्य धरातल पर नजर नहीं आ रहे हैं। मूलभूत सुविधाओं के अभाव और व्यापार में आती गिरावट को देखते हुए अब स्थानीय स्तर पर चौपाटी निर्माण की मांग जोर पकड़ने लगी है।

गंडई क्षेत्र राजस्व देने के मामले में जिले में अग्रणी भूमिका निभाता है, परंतु बदले में इसे वह विकास नहीं मिला जिसका यह हकदार है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यहां जिला स्तरीय बड़े निर्माण तो दूर, छोटी-छोटी जरूरतें भी पूरी नहीं हो रही हैं। विडंबना यह है कि आज तक गंडई के किसी भी बैंक में चालान पटाने जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी है, जिससे आम जनता और व्यापारियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### व्यापार को संजीवनी देने चौपाटी की दरकार

पिछले कुछ समय से गंडई के स्थानीय व्यापार में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। बुद्धिजीवियों और आम जनता का मानना है कि व्यापार को पुनर्जीवित करने के लिए शहर में एक व्यवस्थित चौपाटी का होना अनिवार्य है। इससे न केवल बाजारों का विस्तार होगा, बल्कि शहर की रौनकता भी बढ़ेगी। वर्तमान में दर्जनों ठेला व्यवसायी (चाट-गुपचुप व अन्य खाद्य पदार्थ) शहर के अलग-अलग हिस्सों में अव्यवस्थित तरीके से अपनी दुकानें लगाते हैं। यदि इन सभी को एक निश्चित स्थान पर व्यवस्थित किया जाए, तो यह एक शानदार चौपाटी का स्वरूप ले सकता है। इससे ग्राहकों को सुविधा होगी और छोटे व्यापारियों की आय में भी वृद्धि होगी।




### बजट में शामिल

आगामी मार्च माह के बजट में चौपाटी निर्माण के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से शामिल किया जाएगा। जनता और व्यापारियों की मांग के अनुरूप उपयुक्त स्थल का चयन कर जल्द ही इस दिशा में ठोस कार्ययोजना बनाकर काम शुरू किया जाएगा।

**- लाल टारकेश्वर शाह खुशरो,** नगर पंचायत अध्यक्ष

### सोशल मीडिया पर जगह को लेकर चर्चा शुरू

गंडई वासियों ने सोशल मीडिया के माध्यम से चौपाटी के लिए कई संभावित स्थलों के सुझाव भी प्रशासन को दिए हैं। इनमें प्रमुख रूप से पुराना बस स्टैंड एवं मवेशी बाजार,मछली मार्केट क्षेत्र, मंडी जाने वाला मुख्य मार्ग, पंजाब नेशनल बैंक के सामने का क्षेत्र और दुर्ग रोड शामिल है।

# शहनाज अख्तर के गानों में जमकर थिरके लोग



- तीन दिवसीय आयोजन में हजारों हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति ने महाशिवरात्रि के मौके पर 3 दिवसीय भक्तिमय कार्यक्रम का आयोजन किया। अंतिम दिन सुप्रसिद्ध गायिका शहनाज अख्तर ने अपनी मधुर गीतों से देर रात तक समा बांधा।

मेला ग्राउंड मे आयोजित संगीतमय कार्यक्रम में हजारों के लोगों में उपस्थिति दर्ज कराकर देर रात झूमते रहे। मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति ने गायिका शहनाज अख्तर को माता की चुनरी भेंटकर कार्यक्रम की षुरूआत की।

जस गीत, महाकाल की भक्ति, श्रीराम के मधुर गीतों से शहनाज ने लोगों को नाचने मजबूर कर दिया। उन्होंने देषभक्ति पर आधारित गीत



भी पेश किया। इस मौके पर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गटटानी, महेन्द्र परिहार, प्रकाश बिंदल, संजय श्रीवास्तव, योगेश अग्रवाल, नितिन पचेरी, बबलू शांडिल्य, गौतम चोपडा, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदरसिंग मंगे, विशु खांडेकर, रामनरेश गौतम, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, केशव नरेडी, ज्योति बडवाईक, रामकृष्ण कनौजिया, रितु पचेरी, अशोक अग्रवाल, हरिश भंडारी, राजेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित थे।

# समारोहपूर्वक सीनियर छात्रों और सेवानिवृत्त आचार्य को दी विदाई

## बच्चों ने संस्था के अनुभव को किया साझा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में दीक्षांत एवं आचार्य धर्मेंद्र गोमाता का बिदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रभाकर राव गिरधर, मीना गिरधर, राजेंद्र जैन, सुशील जैन, सुनील जैन, प्राचार्य प्रकाश यादव, प्रधानाचार्य जागेश्वरलाल निषाद, आचार्य धर्मेंद्र गोमास्ता आदि का भैया बहनों ने तिलक अभिनंदन किया। एकादश के भैया बहनों ने द्वादश के भैया बहनों के लिए दीक्षांत समारोह का आयोजन किया।

इस दौरान शिक्षाप्रद व मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। द्वादश के भैया ने अपने अनुभव साझा किया। साई साहू, उज्वला यादव, प्रवीण वर्मा आदि ने शिक्षा और संस्कार की भूरी भूरी प्रशंसा की। इस मौके पर द्वादश के सभी भैया बहनों को सम्मानित किया गया।



### आचार्य सेवानिवृत्त

विद्यालय के आचार्य धर्मेंद्र गोमस्ता 33 वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उन्हे प्रशस्ति पत्र, शाल और उपहार भेंटकर सम्मानित किया गया। अतिथियों एवं आचार्य विशेष साहू, थैलेश साहू, प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद , प्राचार्य प्रकाश यादव, सुनील जैन, प्रभाकर राव गिरधर आदि ने अच्छे अंक से उत्तीर्ण होने प्रेरित किया। दीक्षांत समारोह में इस वर्ष का मिस्टर फेलवेयर साईकुमार साहू और मिस फेयरवेल झलक देवांगन को चुना गया।संचालन याशिका भारद्वाज ,देविका सिंहा, दीक्षा ठाकुर ने किया।



### यज्ञ में भक्तों ने डाला आहूति

**अर्जुनी।** महाशिवरात्रि के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन जिला प्रमुख जयप्रकाश सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। सर्वप्रथम नीलिमा सिन्हा, सीता गुप्ता एवं छत्रपाल ने भजन प्रस्तुत किया। तत्पश्चात शीतला मंदिर प्रांगण में देव शक्तियों का आवाहन करते हुए अर्चन वंदन कर भक्तों ने यज्ञ में आहुतियां डाली। जिला प्रमुख श्री सिन्हा ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डाला। नित्य प्रति गायत्री मंत्र जाप एवं बलिवैश्व यज्ञ करने प्रेरित किया। कार्यक्रम में विश्वनाथ साहू, हेमंत ठाकुर, रोहित साहू, द्वारका साहू, रेशम साहू, मानसिंह साहू, मोजीराम निषाद, नकुल सोनकर, केशवराम साहू, प्रेम साहू, कीर्तन साहू, ओमेश्वरी साहू, नेतराम सोनकर, लेखूराम, देवेंद्र साहू, संदीप साहू, जोतकुंवर साहू, गीतेश साहू, मीरा सोनकर, पिंकी साहू, खेमिन, धरमिन, कुलीन, लेखूराम, तुलसी, भगवती आदि मौजूद थे। अंत में भक्तों ने देव शक्तियों एवं टोली को ससम्मान विदाई दी।

# चारभाटा में सहकारी बैंक खोलने की मांग 20 सालों से लंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- बैंक संबंधित कामों के लिए जाना पड़ता है एलबी नगर, चक्काजाम आंदोलन 23 को

ग्राम पंचायत चारभाटा में विगत 20 वर्षों से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा खोलने हेतु मांग की जा रही है लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक मांग को नजरअंदाज किया जा रहा है। अभिषेक सिंह जब सांसद थे तब उन्होंने बैंक शाखा खोलने के लिए तत्परता दिखाया था किन्तु यह मामला अब तक ठंडे बस्ते में पड़ा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि क्षेत्र के किसानों को बैंक संबंधी काम के लिए लालबहादुर नगर जाना पड़ता है तो करीब 30 किलोमीटर दूर है। बैंक में भीड़ होने से किसानों को परेशान होना पड़ता है। आए दिन होने वाली परेशानी को देखते हुए चारभाटा में बैंक खोलने की मांग की जा रही है।

### चक्काजाम की चेतावनी

वनांचल के किसानों एवं सरपंचों ने गत 22 जनवरी को कलेक्टर, एसडीएम, जिला सहकारी बैंक राजनाँदगाँव एवं थाना बागनदी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग पूरा नही होने पर आगामी 23 फरवरी को सड़क चिरचारी में चक्काजाम करने की बात कही गई है। क्षेत्रवासी चक्काजाम आंदोलन की तैयारी में जुट गए है। चारभाटा सरपंच अनिता अहिरवार, मोहनपुर सरपंच सुखराम पटेल ,टाटेकसा सरपंच सुखचंद कंवर, भगवानटोला सरपंच कांतिबाई तारम, सीतागोटा सरपंच बबिता बाई, कनेरी सरपंच मदन यादव, कोठीटोला सरपंच रामलाल टांडेकर ,घोरतलाब सरपंच उर्मिला नायडू, तेलीनबांधा सरपंच गायत्री कंवर आदि ने अंचल के लोगों से आंदोलन में शामिल होने का आव्हान किया है।

## जी राम जी पर कार्यशाला

# श्रमिकों को मिलेगी काम और दाम की गारंटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मंडल भाजपा ने विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक पर ब्लाक स्तरीय कार्यशाला में आयोजित किया। कार्यशाला में डोंगरगांव, अर्जुनी और तुमड़ीबोड़ मंडल के पदाधिकारी और प्रमुखजन शामिल हुए। वक्ता के रूप में जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष सचिन बघेल और रविन्द्र वैष्णव शामिल हुए। कार्यशाला में विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण विधेयक के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। बताया कि पूर्व की मनरेगा योजना को और प्रभावी बनाया गया है। वक्ताओं ने बताया कि व्हीबी जी राम जी में श्रमिकों को 125 दिन रोजगार मिलेगा साथ निर्धारित समय सीमा में मजदूरी भुगतान का प्रावधान किया गया है।




कार्यशाला में लक्ष्मीनारायण गुप्ता, रामकिशन माहेश्वरी, रामकुमार गुप्ता, जिला पंचायत सभापति जागृति यदु, जनपद उपाध्यक्ष मनीष साहू, मंडल अध्यक्ष दीना पटेल, जागेश्वर राजू यदु, भुवन साहू, हेमंत चोपड़ा, सतीश पाण्डेय, अजय वैष्णव, दिनेश साहू, लक्ष्मी सेन, कोमल साहू, योगेश पटेल, महेश्वर साहू, संतोष यादव, गौरव यदु, रोहित साहू, चुन्नी यदु, नवनीत अहीर आदि शामिल हुए।

### पहले से बेहतर कानून

मुख्य वक्ता श्री बघेल ने कार्यशाला में बताया कि यह विधेयक कांग्रेस कार्यकाल में लाए गए मनरेगा से कहीं ज़्यादा बेहतर, रोजगारमूलक और श्रमिकों को मजबूत करने वाला है। इसमें रोजगार के साथ भुगतान की गारंटी भी है। उन्होंने बताया कि योजना में ग्राम पंचायतों के सम्पूर्ण विकास का ध्यान रखा गया है।

### घोटिया स्कूल के सीनियर छात्रों को विदाई

**डोंगरगढ़।** घोटिया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के जूनियर छात्रों ने समारोह आयोजित कर 12वीं के छात्रों को विदाई दी। अतिथि, शिक्षक और 12वीं के छात्रों का बैच लगाकर स्वागत किया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बालिकाओं के लिए कुर्सी दौड़ और बालकों के लिए मटका फोड़ का आयोजन किया गया। विजेता को सम्मानित किया गया। 12वीं के छात्रों ने स्कूल और सभी शिक्षकों को उपहार दिया। इस मौके पर अनिल सिन्हा, नीरज, तेजराम छेदैया, सुरेश सिन्हा, रामप्रसाद पड़ोती, दुर्गेश पैकरा, डीके खाड़े, हेमकुमार वर्मा, आशिया उके, मनोहरलाल साहू, सरिता दास, पूजा धुर्वे, रेशमा ठाकुर, दनराज वर्मा, विजेंद्र वर्मा, लक्ष्मण लाल, भगत, देवेंद्र नागर, श्री गायकवाड आदि उपस्थित थे।



HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सफलता की कामना के साथ विदाई

**डोंगरगांव।** हाईस्कूल जोशीलमती की कक्षा 10वीं के छात्रों को कक्षा 9वीं के छात्रों ने समारोह आयोजित कर विदाई दी। समारोह में प्रभारी प्राचार्य अशोवन्तिन सोरी के साथ व्याख्याता चैनकुमार सोनवानी, एचएल भुआर्य, अजय चन्द्रवंशी, जीएल कोलियारे शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभांरभ प्रभारी प्राचार्य श्रीमती शोरी आदि ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। सीनियर छात्रों का 9वीं के छात्र-छात्रों ने तिलक लगाकर अभिनंदन किया। सीनियर छात्र-छात्राओं ने गीत, कविता चुटकुला प्रस्तुत करने के साथ अपने अनुभव साझा किया। प्रभारी श्रीमती शोरी ने पढ़ाई पर विशेष जोर देने एवं परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने मन लगाकर पढाई करने प्रेरित किया। व्याख्याता सोनवानी ने लक्ष्य बनाकर कड़ी मेहनत करने और पढ़ाई के प्रति सदैव सजग रहने कहा। इस दौरान व्याख्याता श्री भुआर्य, श्री चन्द्रवंशी, श्री कोलियारे ने छात्रों को संबोधित किया। अंत में श्रीफल एवं पेन भेंट कर भावभीनी बिदाई दी गई।

### गांवों में योजना का प्रचार



**डोंगरगढ़।** प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक सिंह के निर्देश एवं जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के आवाहन पर जन जागरूकता अभियान चलाकर विकसित भारत गारंटी रोजगार आजीविका मिशन की जानकारी ग्रामीणों को दी जा रही है। गत दिनों ग्राम पंचायत कन्हारगांव में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में प्रदेश किसान मोर्चा के कृषि शिक्षा एवं नवाचार प्रकल्प प्रदेश संयोजक विजेन्द्र सिंह ठाकुर, जैनकुमार मेश्राम, मनीष सोनी, रवि यादव ने ग्रामीणों को योजना के बारे में विस्तार से बताया। श्री ठाकुर एवं श्री मेश्राम ने बताया कि अब श्रमिकों को सालभर में 125 दिन तक काम और 15 दिनों के अंदर मजदूरी मिलेगी।

### कार्यशाला में शामिल हुए रामलाल साहू



**खैरागढ़।** नई शिक्षा नीति और एनसीएफ एसई के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एनसीईआरटी द्वारा मप्र के भोपाल मे आयोजित कार्यशाला मे कट्टहा नवागॉव प्राशा मे पदस्थ प्रपा रामलाल साहू शामिल हुए। प्रिपेटरी स्टेज कक्षा 3, 4 व 5 के लिए एनसीईआरटी द्वारा विकसित नवीन पाठ्य पुस्तक को राज्यों में एससीईआरटी के समंवय से प्रभावी संचालन के लिए वेस्ट रीजन के 6 प्रदेश छत्तीसगढ़ ,मप्र, महाराष्ट्र, गुजरात, गोवा, दमन एंड दीव से चयनित शिक्षकों नेचार दिवसीय अभिविंयास सह प्रशिक्षण कार्यशाला में भाग लिया। प्रदेश से छै विषयो के बारह विषय शिक्षकों की टीम एससीईआरटी रायपुर द्वारा भेजी गई जिसमें जिले से कला शिक्षा की पाठ्य पुस्तक को लेकर रामलाल साहू भी शामिल थे। एनसीईआरटी के विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर एके राजपूत, प्रो संध्या संघई कला शिक्षा विशेषज्ञ, एनसीईआरटी हेड प्रो ज्योत्स्ना तिवारी, प्रोफेसर डॉ अतुल दुबे, संदीप कुमार ने प्रभावी शिक्षण को लेकर तार्किक मार्गदर्शन दिया जिससे बच्चों की शिक्षा, प्रदेश की पाठ्य पुस्तक की प्रभावी समझ असरकारी होगा। बीते साल नवाचार गतिविधियो के कारण नीपा दिल्ली द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में भी प्रपा रामलाल साहू शामिल हुए थे। जिला शिक्षा अधिकारी लालजी द्विवेदी, बीईओ नीलम सिंह राजपूत, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान ने उनकी उपलब्धि सराहना कर बधाई दी है।

---

### जनगणना के लिए 20 एवं 21 फरवरी को प्रशिक्षण के दिए निर्देश

# जनगणना : मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 से 30 मई तक

## प्रभारी कलेक्टर ने ली टीएल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने मंगलवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ निष्क्रिय बैंक खातों को सक्रिय करने की कार्रवाई करें। उन्होंने एक योजना एक खाता के क्रियान्वयन के लिए कहा तथा बैंक से संबंधित सभी समस्याओं का यथाशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के आधार अपडेट करने के कार्य में गति लाने कहा।

इसके लिए शिक्षा विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग समन्वय करते कार्य करें। रबी सीजन में गिरदावरी का कार्य अच्छी तरह होना चाहिए। इसके लिए डिजिटल सर्वे का कार्य सही तरीके से होना चाहिए। वांलिटियर द्वारा सर्वे का कार्य किया जा रहा है। गुणवत्तापूर्ण गिरदावरी के लिए खेतों में जाकर प्रमाणिक रिपोर्टिंग करें।

कृषि एवं राजस्व विभाग इसकी निरंतर मानिटरिंग करें। उन्होंने राजस्व प्रकरणों को समय-सीमा निराकरण करने कहा। अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन के प्रकरण निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करें।



### पीएम आवास की समीक्षा

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को समीक्षा की तथा निर्माणाधीन आवासों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड की परीक्षा के बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अतिरिक्त कक्षा लगाकर पढ़ाएं, इसके साथ ही बच्चों को कोचिंग देना सुनिश्चित करें। उन्होंने बच्चों के लिए लाईब्रेरी, इको क्लब, कैरियर काउंसलिंग के संबंध में जानकारी ली।

### आवश्यक व्यवस्था करें

प्रभारी कलेक्टर ने कहा कि भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण तथा मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना 1 मई से 30 मई 2026 की अवधि में किया जाना है। इसके लिए 20 एवं 21 फरवरी 2026 को प्रशिक्षण प्रदान करने निर्देशित किया। उन्होंने जिला स्तरीय प्रशिक्षण के लिए आवश्यक व्यवस्था करने कहा। उन्होंने कहा कि इस महत्वपूर्ण प्रशिक्षण में सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### भू आबंटन प्रकरणों की दी जानकारी

अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय ने कहा कि स्वामित्व योजना अभिलेख अंतर्गत अभिलेख वितरण लंबित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने भू-बंटन प्रकरणों के संबंध में जानकारी दी। अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा ने सभी विभागों को विधानसभा प्रश्नों के उत्तर समय पर देने कहा। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोराम, एसडीएम गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मानिटरिंग करने के निर्देश

प्रभारी कलेक्टर सुरुचि सिंह ने पीएमश्री स्कूलों के भवन को शीघ्र पूर्ण करने लोक निर्माण विभग तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा को निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड से जनमानस को अधिक से अधिक लाभान्वित करने आधार अपडेट कराने कहा तथा आयुष्मान कार्ड की ब्लाकिंग अधिक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण, यूविन पोर्टल में एंट्री सहित स्वास्थ्य विभागों के मापदंडों में अच्छा कार्य करें। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की सतत मानिटरिंग करते रहे। निजी चिकित्सालयों से समन्वय करते सोनोग्राफी भी कराएं। मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने मितानिनों के माध्यम से पोट्ठ लईका अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं को जानकारी प्रदान करें। उन्हें परामर्श, सावधानी, एएनसी चेकअप के संबंध में अच्छी तरह जानकारी प्रदान करें। पोषण पुनर्वास केन्द्र के माध्यम से गंभीर कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने टीबी के मरीजों की मदद करने निक्षय मित्र बढ़ाने कहा। उन्होंने कहा कि आयुष एवं स्वास्थ्य विभाग स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता के लिए योग कराएं तथा इसके साथ ही अभियान चलाने कहा।

---

# कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल संसाधनों का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण कर व्यवस्था, मरीजों को मिल रही सुविधाओं और चिकित्सकीय संसाधनों की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया गया।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जन औषधि केंद्र के नियमानुसार रात 10 बजे से पहले ही बंद पाए जाने पर कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होंने इसे मरीजों के हितों के विपरीत बताते हुए केंद्र को 24 घंटे संचालित करने की मांग उठाते हुए कहा कि इससे आपात स्थिति में मरीजों और उनके परिजनों को दवाओं के लिए भटकना नही पड़ेगा। वार्डों में पहुंचकर उन्होंने भर्ती मरीजों से बातचीत कर इलाज, दवाइयों की उपलब्धता और साफ-सफाई की जानकारी ली। चिकित्सकों के रोस्टर चार्ट बाद बाद ड्रेसिंग वार्ड का निरीक्षण कर दुर्घटना में घायल मरीजों के इलाज को लेकर आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की उपलब्धता का मुआयना किया गया। निरीक्षण दौरान बीएमओ डॉ विवेक बिसेन, डॉ पंकज राजपूत भी मौजूद थे।

### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ अरुण भारद्वाज ने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन को निर्देशित करते हुए कहा कि मरीजों के उचित उपचार, समय पर सेवा और स्वच्छता पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने कहा कि कुछ दिन पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ने कार्यक्रम मे यहॉ जिला अस्पताल जैसी सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही थी लेकिन जमीनी स्तर पर अब तक उसका असर नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि रात के समय दवाइयों की व्यवस्था न होना और जन औषधि केंद्र का समय से पहले बंद हो जाना सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था की कमजोरी को उजागर करता है। इस दौरान नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, विधायक प्रतिनिधि रवींद्र सिंह गहरवार, सूर्यकांत यादव, महेश यादव, शेखर दास वैष्णव सहित बड़ी संख्या में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही अस्पताल की बुनियादी सुविधाओं में सुधार नहीं हुआ, तो इसे लेकर आंदोलनात्मक कदम उठाया जाएगा।

---

# रश्मिदेवी कॉलेज में महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

■ राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण

रानी रश्मि देवी सिंह कालेज में प्राचार्य डॉ ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिलाओं के सामाजिक, शैक्षिक व सांस्कृतिक योगदान को सम्मानित करने और छात्राओं में आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता के विकास को लेकर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ महिला प्रकोष्ठ प्रभारी मोनिका जत्ती ने करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को लैंगिक समानता और परस्पर सम्मान के मूल्यों को अपनाने का संदेश दिया।

सृष्टि वर्मा ने अपने वक्तव्य में महिलाओं के अधिकारों, शिक्षा और आत्मनिर्भरता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएँ प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल कर रही हैं और समाज को उनके प्रयासों का सम्मान करना चाहिए। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन भबीता मंडावी और आभार मनीषा नायक ने व्यक्त किया। इस दौरान डॉ परमेश्वरी कुंभज टांडिया, शबाना खान, पायल सुधाकर, टिकेश्वरी साहू, डॉ मेधाविनी तुरे, उर्वशी मेश्राम सहित कालेज स्टाफ ने महिलाओं की शिक्षा, सुरक्षा व समान अवसरों को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयास करने का संकल्प लिया।

# मानस सम्मेलनों में शामिल हुईं विधायक

■ विधायक ने की क्षेत्र के खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

खमतराई, दिलीपपुर और नर्मदा संडी में आयोजित मानस गान व आध्यात्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर विधायक यशोदा वर्मा ने क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। खमतराई में आयोजित मानस गान सम्मेलन में उन्होंने रामायण की चौपाइयों के माध्यम से जीवन में मर्यादा और सत्य के महत्व को साझा किया।

दिलीपपुर मे विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा ने मानस गायन व टीका शैली की पारंपरिक कला की सराहना करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और विरासत ही हमारी असली पहचान है। नर्मदा संडी मे आयोजित मानस गान सम्मेलन में उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और उपस्थित जनसमूह के साथ प्रभु श्री राम की आराधना की।



### मानस गान जीवन जीने की कला

विधायक श्रीमती वर्मा ने कहा कि मानस गान केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। ऐसे आयोजन न केवल हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा और सकारात्मकता का संचार भी करते हैं। भक्ति मार्ग और सामाजिक एकता पर उन्होने बल दिया। इस दौरान सभी जगहो पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, मानस मंडलियों के कलाकार और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### 30 वर्षों से फरार स्थायी वारंटी पकड़ाया

**खैरागढ़।** लगभग तीस वर्षों से फरार स्थायी वारंटी को पुलिस ने पकड़कर कार्रवाई की है। पुलिस के अनुसार थाना खैरागढ़ में दर्ज अपराध क्रमांक 144/1992, धारा 379 भादवि के आरोपी अफसर अली पिता असरफ अली निवासी रूवाबांधा सेक्टर-6 रिसाली भिलाई न्यायालय से जमानत उपरांत फरार चल रहा था। आरोपी के विरुद्ध न्यायालय द्वारा स्थायी वारंट जारी किया गया था। फरार आरोपी की गिरफ्तारी हेतु खैरागढ़ पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। संभावित ठिकानों पर सतत निगरानी रखी जा रही थी तथा मुखबीर तंत्र सक्रिय किया गया था। 17 फरवरी को प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम द्वारा भिलाई में दबिश दी गई। लगभग 30 वर्षों से फरार चल रहे स्थायी वारंटी को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायालय के आदेशानुसार उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### बारेलाल बिसेन का निधन



**साल्हेवारा।** भाजपा के जुझारू कार्यकर्ता, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि बारेलाल बिसेन का आकस्मिक निधन हो गया। स्व. बिसेन ने बहुत कम उम्र में ही सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाई थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम पंचायत भाजीडोंगरी में बुधवार को किया जाएगा।

---

### बीमारी से बचाव के लिए नागरिकों को खिलाई जा रही दवा

**राजनांदगांव।** जिले में फाइलेरिया के संचरण की श्रृंखला को रोकना एवं अभियान को पूर्णतः सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम चलाया जा रहा है। फाइलेरिया जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए दवा खिलाई जा रही है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एनआर नवरतन ने जनसामान्य के पास जाकर फाइलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से बचाव के संबंध में जानकारी दी और दवा सेवन कराया। डीपीएम संदीप ताम्रकार ने बताया कि नागरिकों को एमडीए की दवा सेवन करने प्रेरित किया जा रहा है, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और सभी पात्र हितग्राही शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित कर सकें तथा एमडीए अभियान को सफल बनाया जा सके। उन्होंने बताया कि रात्रि समय में भी दवा सेवन गतिविधियां संचालित की जा रही है, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा लेने से वंचित न रह जाए। शत-प्रतिशत दवा सेवन सुनिश्चित कर फाइलेरिया के संचरण की श्रृंखला को रोकना एवं अभियान को पूर्णतः सफल बनाया जा सके।

# विवि में पुरालिपि, पुरालेख अध्ययन विषय पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इन्दिरा कला संगीत विवि में संस्कृति विभाग के सहयोग व कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा के संरक्षण में पुरालिपि व पुरालेख अध्ययन विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा, कार्यशाला निर्देशक प्रो डॉ राजन यादव, विषय विशेषज्ञ डॉ टीएस रविशंकर, प्रभारी कुलसचिव वेंकट रमन गुड़े व संयोजक डॉ. आशुतोष चौरे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन साथ कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ आशुतोष चौरे ने स्वागत भाषण में कार्यशाला के उद्देश्य व स्वरूप की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इराक, मेसोपोटामिया तथा भारत जैसी प्राचीन सभ्यताओं का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए इतिहास और अतीत की समझ को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विभिन्न विषयों के विद्यार्थियों को पुरालिपि प्राचीन अभिलेखों के माध्यम से ऐतिहासिक ज्ञान से परिचित कराना है ताकि वे अपनी सांस्कृतिक जड़ों को समझ सकें।



### छग पुरातात्विक दृष्टि से समृद्ध प्रदेश

कुलपति प्रो डॉ लवली शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेषज्ञों के व्याख्यान से लाभान्वित होने और अपनी संस्कृति एवं इतिहास को गहराई से जानने के लिए प्रेरित किया। विषय विशेषज्ञ डॉ टीएस रविशंकर ने भारत की समृद्ध अभिलेखीय परंपरा पर अपने विचार व्यक्त करते हुए अभिलेखीय साक्षरता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्राचीन अभिलेख हमारी अमूल्य धरोहर हैं, जिन्हें संरक्षित करना और समझना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे विस्मृति के गर्त में न जाए। उन्होंने प्रदेश की धरती को अभिलेखीय संपदा से परिपूर्ण बताते हुए इसकी सराहना की। अधिष्ठाता व कार्यशाला निर्देशक प्रो डॉ राजन यादव ने कवि रामधारी सिंह दिनकर व सुमित्रानंदन पंत की पंक्तियों का सस्वर पाठ करते हुए कहा कि इतिहास केवल अतीत की कथा नहीं बल्कि हमारी जड़ों और पहचान का आधार है। संचालन डॉ. कौस्तुभ रंजन ने किया और कार्यशाला को विद्यार्थियों के लिए ऐतिहासिक धरोहरों को समझने का एक सशक्त मंच बताया। प्रभारी कुलसचिव वेंकट आर गुड़े ने आभार व्यक्त किया।

### निर्माण में मशीनों का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जनपद पंचायत अंतर्गत रोजगार गरंटी योजना में बड़ पैमाने पर गडबडी करने के मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार केन्द्र सरकार की इस योजना के कार्यों में मजदुरों को रोजगार मुहैया कराने के बजाए मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। यह मामला सामने आने के बाद र अधिकारी कार्यवाही करने के बजाए मामले को रफादफा करने में लगे है।

हाल ही में उपवन मंडल में योजना अंतर्गत जेसीबी मशीन का उपयोग कर फर्जी हाजरी भरने का मामला सामने आया है।

---

### छत्तीसगढ़ी लोक साहित्य के संरक्षण व संवर्धन में विशिष्ट योगदान

# उप्र में लोकनिधि अलंकरण से अलंकृत हुई डॉ. पद्मा साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

छत्तीसगढ़ी लोकसाहित्य के संरक्षण व संवर्धन में विशिष्ट योगदान को लेकर संगीत कला तीर्थ निवासी और संडी की प्रधान पाठिका साहित्यकार डॉ पद्मा साहू पर्वणी को स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी पंडित गया प्रसाद लोक निधि अलंकरण से सम्मानित किया गया। प्रज्ञा हिंदी सेवार्थ संस्थान ट्रस्ट फिरोज़ाबाद उप्र में आयोजित सातवे अंतर्राष्ट्रीय प्रज्ञा सम्मान समारोह के दौरान आईवी इंटरनेशनल स्कूल सभागार में राजभाषा विभाग के उप निदेशक रघुवीर शर्मा के मुख्य आतिथ्य व बीएचयू मेडिकल विभाग के पद्मश्री प्रो डॉक्टर कमलाकर त्रिपाठी की अध्यक्षता और विधायक मनीष असीजा, साहित्यकार डॉ रामसनेही शर्मा यायावर, कृष्ण कुमार कनक, यशपाल यश, मुकुल पाराशर, अभिषेक मित्तल, मुकेश मणिकंचन व अन्य विभूतियों, साहित्यकारों की उपस्थिति में डॉ पद्मा साहू ने अभिव्यक्ति कार्यक्रम में अपनी छत्तीसगढ़ी बोली में परिचय और सुमधुर कविता प्रस्तुति देकर उप्र की धरती में छत्तीसगढ़ की भाषा-बोली का मान बढ़ाया। देश-विदेश के लोगों ने मुक्त कंठ से उनकी प्रदेश की बोली भाषा को सहेजने की उनके प्रयास की सराहना की। अधिवक्ता घम्मन साहू की धर्मपत्नि डॉ पद्मा साहू की उपलब्धि पर साहित्यकार डॉ पीसी लाल यादव, जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, डॉ इंद्राणी साहू सांची, ओमप्रकाश साहू अंकुर, महेंद्र बघेल, डॉ सियाराम साहू, दूजराम साहू, कोमल गुरु, नीरामनी श्रीवास, जिपं सदस्य दिनेश वर्मा, व्याख्याता मोनिका सिंह, शिक्षिका उत्तरा साहू, कोमल कोठारी, विनीता राजपूत, सुनीता सिंह, शिव प्रसाद, मोनिका सोनवाने सहित परिवार व साहित्यकारो ने बधाई दी है।



### यादव समाज का आयोजन 24 को

**डोंगरगढ़।** यादव समाज के तत्वावधान में आगामी 24 फरवरी को धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन रखा गया है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना से होगी। इसके बाद विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों के अनुसार सुबह 10 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें समाज के पदाधिकारी, नागरिक बड़ी संख्या में शामिल होंगे। इस दौरान वरिष्ठजनों का सम्मान किया जाएगा। आयोजन में सांसद संतोष पांडे, गजेन्द्र यादव, महापौर मधुसुदन यादव, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, रामजी भारती, पालिकाध्यक्ष रमन डोंगरे, उमा महेश वर्मा शामिल होंगे। आयोजकों ने सामाजिकजनों से कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल लखोली, तहसील व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

// सीमांकन सूचना //

क्रं. 123/रा.नि./लखोली/202 राजनांदगांव, दिनांक 16/02/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक रफीक अली पिता कमर अली कन्हारपुरी राजनांदगांव के द्वारा न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष नक्शा बटांकन/सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जारी ज्ञापन क्रमांक 123/प्रवाचक/तह./2025 राजनांदगांव दिनांक 7/01/2026 के परिपालन में ग्राम कन्हारपुरी प.ह.नं. 43 रा.नि.मं. लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव में स्थित खसरा नं. 487/1 रकबा 0.1310 हे. भूमि का स्थल निरीक्षण/सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 18/02/2026 दिन बुधवार समय 2.00 बजे किया जाना है।

आवेदित भूमि से लगे भूमिस्वामियों गौरव बजाज पिता सत्यपाल बजाज लालबाग, मूलचंद पिता सेलाराम (गोल बाजार दुकान), विमला बाई पिता चमरू (रेडियम दुकान दिग्विजय कालेज) हल्का पटवारी (प.ह.नं. 43) एवं हितबद्ध पक्षकारों को उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज सहित उपस्थित होना अनिवार्य हैं।

अतः आवेदक व अनावेदक अपने अपने स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवें। अन्यथा एकपक्षीय सीमांकन की कार्यवाही की जावेगी।

**टीप :-** आवेदक टेप जरीब खींचने हेतु दो व्यक्ति अपने साथ लावें।

**राजस्व निरीक्षक**
लखोली

## सार समाचार

### विधि महाविद्यालय में आज आरोहण

**राजनांदगांव।** नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित पंडित किशोरीलाल शुक्ला विधि महाविद्यालय में कल 18 फरवरी को आरोहण 2026 का शानदार आयोजन किया जाएगा। कानून की शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थी सब कुछ भूलकर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से अपना नाता जोड़ेंगे। उक्त अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि की आसंदी पर होंगे। आयोजन में नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं विधि महाविद्यालय में प्रोफेसर के रूप में सेवाएं दे चुके केसी जैन विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। विधि महाविद्यालय के प्रशासक डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि आरोहण के अंतर्गत महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इसी कार्यक्रम में प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का सम्मान भी किया जाएगा। शिक्षा से लेकर खेल एवं अन्य गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को मेडल मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा प्रदान किए जाएंगे। मुख्य रूप से रामजी लाल खंडेलवाल, बीएन राय, हरिप्रसाद अग्रवाल, छोटेलाल रामशंकर तिवारी, अब्दुल लतीफ, पंडित किशोरीलाल शुक्ला, केदारनाथ डागा, संतन भगवान मिश्र, सुश्री कीर्ति मिश्रा, मदनलाल गोमस्ता, उत्तमचंद लूनिया, धरमचंद श्रीमती पुष्पादेवी, जगतनारायण-विमलेश शुक्ल की स्मृति में पदक प्रदान किए जाएंगे।

### जिपं साधारण सभा की बैठक 25 को

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत साधारण सभा की बैठक आगामी 25 फरवरी 2026 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न विभागीय योजनाओं एवं कार्यों की प्रगति पर चर्चा की जाएगी। बैठक में सभी सदस्यों को उपस्थित होने का आग्रह किया गया है। बैठक में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी सहित उपस्थित होने कहा गया है।

### साजिशकर्ता को मिले सबक : रूपेश

**राजनांदगांव।** छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता रूपेश दुबे ने लचर व्यवस्था के चलते एसआईआर आम जनता को परेशान व साजिश का शिकार होने वाली प्रक्रिया बताते कहा कि लोकतंत्र में स्वच्छ मतदाता सूची हो यह सभी की मंशा है, लेकिन करण एसआईआर गणना पत्रक में 2003 के मतदाता सूची सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद पुनः उन्हें नोटिस जारी कर लाइन में लगवाया गया और अब दावा-आपत्ति में जिस प्रकार से प्रपत्र 7 का दुरूपयोग कर व्यक्ति विशेष के नामों को चिन्हांकित कर उन्हें स्थानांतरित बताकर उनके नाम को कटवाने की साजिश किया जा रहा है, जो उस मतदाता के संवैधानिक अधिकार पर चोंट भी है। श्री दुबे ने कहा कि मतदाता के संबंध में गलत जानकारी देकर गंभीर साजिश की गई है। ऐसे फर्जी आवेदकों की पहचान आवेदन प्राप्तकर्ता बीएलओ से की जाए, ताकि निर्वाचन जैसे कार्य में प्रपत्रों का दुरूपयोग और फर्जीवाड़ा करने वालों को सबक मिल सके।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन योजना, समिति गठित

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969, संशोधित अधिनियम 2023 तथा छत्तीसगढ़ राज्य जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम, 2026 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन्म-मृत्यु पंजीयन योजना के कार्यान्वयन में किसी भी स्तर पर उत्पन्न गतिरोध को दूर करने एवं कार्यान्वयन एजेंसी को मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के लिए राज्य शासन द्वारा जिला स्तरीय अन्तर्विभागीय समन्वय समिति का गठन किया गया है। समिति में कलेक्टर जितेन्द्र यादव अध्यक्ष है। समिति मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, उप संचालक पंचायत विभाग, उप संचालक जनसंपर्क विभाग, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), स्थानीय रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) नगरीय सदस्य है तथा जिला रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं उप संचालक जिला योजना एवं सांख्यिकी सदस्य-सचिव बनाया गया है।

### सीईओ ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

**राजनांदगांव।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह ने कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को संवेदनशीलतापूर्वक सुना। सीईओ जिला पंचायत ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, आधार कार्ड अपडेशन, ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त करने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



### कमला कॉलेज में कौशल कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव।** शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. अंजली अवधिया की प्रेरणा एवं



मार्गदर्शन में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज एवं छग सरकार के मध्य हुए एमओयू के अंतर्गत बैंकिंग वित्तीय सेवाएं और बीमा सेक्टर पर आधारित 04 दिवसीय छात्र कौशल कार्यक्रम का आयोजन 10 से 13 फरवरी तक किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के 86 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव, डॉ. जयसिंग साहू, डॉ. निवेदिता ए.लाल, नीलम राम धनसाय एवं प्रशिक्षक हरिशपाल द्वारा सरस्वती माता के सम्मुख दीप प्रज्जवल के साथ हुआ। प्रभारी प्राचार्य द्वारा छात्राओं को बचत एवं निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस बैंकिंग कार्य प्रणाली एवं बीएफएसआई व केवाईसी के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। द्वितीय दिवस म्यूच्यूअल फण्ड, तृतीय दिवस स्टॉक मार्केट एवं ट्रेडिंग तथा चतुर्थ दिवस इनकम टैक्स एवं जीएसटी के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के पश्चात टैलेंट स्किल्सवर्सिटी द्वारा छात्राओं के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया एवं उत्तीर्ण छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## निधन



### निर्मल कौर भाटिया

**राजनांदगांव।** बुधवारीपारा डोंगरगढ़ निवासी 80 वर्षीय निर्मल कौर भाटिया का निधन 17 फरवरी को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 18 फरवरी को सुबह 9.30 बजे निवास स्थान से स्थानीय मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्व.सरदार अवतार सिंह भाटिया की पत्नी, गुरविंदर सिंह, हरजीत सिंह, जरनैल सिंह की माता थी।

## विद्युत उपभोक्ताओं ने जनसुनवाई में उठाई मांग

# बिजली के नए टैरिफ में मिले राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) द्वारा वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर शहर के पारीनाला स्थित कार्यपालक निदेशक कार्यालय में राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले के घरेलू, गैर घरेलू, कृषक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के लिए सार्वजानिक जनसुनवाई आयोजित की गई।

इस जनसुनवाई का मुख्य उद्देश्य बिजली की नई दरों से निर्धारण से पूर्व आम जनता, कृषक उपभोक्ताओं एवं औद्योगिक संगठनों के सुझावों एवं आपत्तियों को चिन्हाकित किया जाना था।

घरेलू उपभोक्ता रूपचंद भीमनानी ने बढती महंगाई का हवाला देते कहा कि टैरिफ में बढ़ोत्तरी से आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा, अतः दरों में वृद्धि नहीं की जानी चाहिए। घरेलू उपभोक्ताओं के बिजली बिलों को आसान और सुस्पष्ट बनाया जाए, ताकि उन्हें बिजली बिल में अपने खपत की जानकारी के प्रत्येक खंड सरलता से समझ आ सके। इस जनसुनवाई के दौरान विभिन्न घरेलू, गैर घरेलू, कृषक एवं औद्योगिक उपभोक्ताओं के अनेक सुझावों को आयोग ने रिकॉर्ड पर लिया। इन सुझावों का विस्तृत अध्ययन करने पर आयोग अगले कुछ महीनों के भीतर अपना अंतिम टैरिफ आदेश जारी करेगा। आयोग ने जनता को आश्वस्त किया है कि अंतिम निर्णय पूरी तरह से निष्पक्ष और न्यायसंगत होगा। इस अवसर पर उपभोक्ता फोरम के अध्यक्ष एके ग्राहक, अतिरिक्त मुख्य अभियंता मंगल तिर्की, राजनांदगांव वृत्त के अधीक्षण अभियंता शंकेश्वर कंवर, कार्यपालन अभियंता एनके साहू, सीमा ढील, पीआरओ डीएस मंडावी, चेम्बर ऑफ कॉमर्स से राजकुमार बाफना, राजेश जैन, नेमीचंद जैन सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने रखी अपनी मांग

राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्यों ने उपस्थितजनों को भरोसा दिलाया कि टैरिफ का निर्धारण उपभोक्ताओं के हितों और बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिरता के बीच संतुलन बनाकर किया जाएगा। जनसुनवाई में विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांग रखी। औद्योगिक एचवी-3 एवं एचवी-05 एबीस कंपनी के प्रतिनिधियों ने सुझाव दिया कि क्रॉस सब्सिडी का निर्धारण वोल्टेज के आधार पर करने, लो-लोड फेक्टर में प्रोत्साहन देने और न्यूनतम उपयोग के समय डिमांड चार्जेस को कॉन्ट्रैक्ट डिमांड का 50 प्रतिशत रखने का मांग/सुझाव दिया। उन्होंने बिजली बिल का एडवांस पेमेंट करने पर मिलने वाले सवा प्रतिशत की छूट को भविष्य में भी यथावत रखे जाने का सुझाव दिया, ताकि उपभोक्ताओं को समय पर भुगतान के लिए प्रोत्साहन मिल सके।

### प्रचलित टैरिफ को रखा जाए यथावत

चेम्बर ऑफ कॉमर्स राजनांदगांव के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि औद्योगिक जगत को राहत देने के लिए प्रचलित टैरिफ को यथावत रखा जाए। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के हितग्राहियों की उत्पादित बिजली के लिए उचित दर मिल सके, इसका प्रावधान भी होना चाहिए। जैसे एलवी-4 के उपभोक्ताओं को छूट का प्रावधान है, वैसे ही एचवी-3 एवं एचवी-05 कैटेगरी के उपभोक्ता को लाभ दिया जाए। जिससे औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सके।

### राष्ट्रीय एकता शिविर में हरीश का चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग (साइंस कॉलेज दुर्ग) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के सक्रिय स्वयंसेवक हरीश कुमार साहू ग्राम पंचायत भेंडररवानी पोस्ट ऊपरवाह का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर में भाग लेने के लिए हुआ है। यह शिविर देव संस्कृति विश्वविद्यालय हरिद्वार (उत्तराखंड) में 22 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा।

यह राष्ट्रीय शिविर युवा स्वयंसेवकों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान की भावना को सशक्त बनाने हेतु हर वर्ष विभिन्न राज्यों से सीमित संख्या में चयनित प्रतिभागियों के साथ आयोजित किया जाता है। इस शिविर में पूरे भारत से आए हुए चुनिंदा एनएसएस स्वयंसेवक देश की एकता और अखंडता के प्रतीक के रूप में सहभागिता करेंगे।

## पद के बगैर कलाकार का तबादला हाईकोर्ट ने खारिज किया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने अपने एक अहम फैसले में छत्तीसगढ़ शासन के ट्रांसफर आर्डर, स्थानांतरण आदेश को खारिज कर दिया। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता द्वारा धारित स्थानांतरित पद उपलब्ध नहीं है, इसलिए याचिकाकर्ता का स्थानांतरण मान्य नहीं है।

यह आदेश न्यायमूर्ति पीपी साहू की सिंगल बेंच ने पारित किया है। याचिकाकर्ता बीरसिंह साहू जिला राजनांदगांव के समाज कल्याण विभाग में कलाकार के पद पर कार्यरत हैं। जिनका स्थानांतरण 22 अप्रैल 2025 को जिला राजनांदगांव से नवगठित जिला खैरागढ़-गंडई-छुईखदान कर दिया गया था, परंतु नवगठित जिला खैरागढ़-गंडई-छुईखदान में कलाकार पद के लिए याचिकाकर्त्ता का ट्रांसफर किया गया था। उक्त पद नवीन जिले में अस्तित्व में ही नहीं है। ऐसे में याचिकाकर्ता को नौकरी करने के संबंध में संकट खड़ा हो गया था। याचिकाकर्ता ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आशीष गंगवानी से संपर्क कर अपनी पीड़ा बताया, जिस पर अधिवक्ता श्री गंगवानी ने इस मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर याचिकाकर्ता को माननीय उच्च न्यायालय से राहत दिलाई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि नवीन जिले खैरागढ़-गंडई-छुईखदान की पद प्रणाली के अनुसार जिस विभाग में याचिकाकर्ता कार्यरत, उसमें केवल उपनिदेशक सहायक श्रेणी तृतीय और चपरासी के ही पद हैं। कलाकार का कोई पद स्वीकृत नहीं है, इसलिए याचिकाकर्ता का तबादला नवीन जिला में विधिवत गलत है, इस पर उच्च न्यायालय ने विवादित आदेश को रद्द कर दिया।

## एबीवीपी ने फूंका प्राचार्य का पुतला, लगाया मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के बाहर प्राचार्य का पुतला जलाया गया। इस दौरान विद्यार्थी परिषद के छात्रों ने प्राचार्य के खिलाफ आक्रोश व्यक्त करते हुए नारेबाजी की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि सोमवार को प्राचार्य के द्वारा 40-50 विद्यार्थियों का मोबाइल फोन ले लिया गया था और दो दिनों तक फोन वापस नहीं होगा कहा गया था। इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा विरोध किए जाने के बाद फोन वापस किया गया । वहीं शाम को एक नोटिफिकेशन जारी करके जिनका फोन लिया गया था सबका मोबाइल नंबर कॉलेज ग्रुप में डाल दिया गया। अक्षत श्रीवास्तव ने कहा कि यह प्राइवेसी लीक का मामला है। छात्राओं का नंबर इस तरह से सार्वजनिक नहीं करना था। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा मांग की जा रही है कि इस मामले में प्राचार्य माफी मांगे और अपना इस्तीफा दे।



### प्राचार्य के खिलाफ नारेबाजी

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य का पुतला बनाया और एक रैली के माध्यम से कॉलेज के मुख्य द्वार के समीप पहुंचे । यहां उन्होंने प्राचार्य का पुतला जलाते हुए आक्रोश व्यक्त कर जमकर नारेबाजी की । इस दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और छात्र-छात्राएं शामिल हुई।

## सोमनी पुलिस ने ली कोटवारों की बैठक

**राजनांदगांव।** सोमनी में पुलिस ने कोटवारों की बैठक लेकर गांव-गांव में होली पर्व पर शांति व्यवस्था एवं यातायात नियमों के संबंध में मुनादी करने हिदायत दिया गया।



पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो के पर्यवेक्षण में 16 फरवरी को थाना प्रभारी सोमनी निरीक्षक अरूण कुमार नामदेव द्वारा थाना सोमनी क्षेत्र के कोटवारों की बैठक लिया गया।

### गांवों में करें मुनादी

जिसमें सभी कोटवारों को अपने-अपने गांव में यातायात के संबंध में दो पहिया वाहन में तीन सवारी नहीं बैठने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं बिना नशे में वाहन चलाने और यातायात नियमों का पालन करने मुनादी करने बताया गया। साथ ही आगामी होली त्यौहार में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करने के संबंध में आवश्यक हिदायत दिया गया। बैठक में थाना सोमनी क्षेत्र के कोटवार सम्मिलित हुए।

## युगांतर में बोर्ड की परीक्षा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

युगांतर पब्लिक स्कूल में सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा शुरू हुई। सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा में 312 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 311 विद्यार्थी उपस्थित रहे। सीबीएसई 12वीं बोर्ड की कल 18 फरवरी को प्रारंभ होगी। जिसमें 146 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होंगे।

इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर ने बताया कि सीबीएसई दसवीं बोर्ड की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 1.30 बजे तक हुई। परीक्षार्थियों के परीक्षा प्रारंभ होने के 40-50 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंचने पर उनकी निर्धारित अवधि में फ्रिसकिंग की प्रकिया पूरी हुई। विद्यार्थी सुबह 10 बजे के पूर्व परीक्षा केंद्र में पहुंच गए और उन्होंने सीबीएसई की गाईड लाइन का परिपालन किया। वे सीबीएसई द्वारा जारी परीक्षा का प्रवेश पत्र, स्कूल यूनिफार्म, स्कूल आई कार्ड के साथ परीक्षा केंद्र में आए। सीबीएसई द्वारा निर्देशानुसार अनुशासन की व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर टेबलों की बीच एक निश्चित अंतराल रखा गया। कैमरे की व्यवस्था करने के साथ-साथ केंद्र में स्वच्छ पेयजल और स्वच्छ प्रसाधन की भी व्यवस्था की गई।

## महापौर ने वार्डों का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** नगर निगम सीमाक्षेत्र के वार्डों में साफ-सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव ग्रामीण वार्ड हल्दी व सिंगदई में वार्ड पार्षद मुकेश साहू व चंद्रकृत साहू के साथ निर्माण व सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर सफाई व्यवस्था और दुरूस्त करने तथा निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

महापौर श्री यादव सिंगदई एवं हल्दी में सफाई व्यवस्था देख निर्धारित समय तक कर्मचारी कार्य नहीं करने की शिकायत पर बिना अनुमति अनुपस्थित या समय से पहले कार्य से जाने वाले कर्मचारी के विरूद्ध कार्रवाई करें।



## महतारी वंदन योजना का पोर्टल खोलने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ सरकार की बहुप्रचारित महतारी वंदन योजना प्रदेशभर में अव्यवस्था और लापरवाही का प्रतीक बन चुकी है। योजना के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए देने का दावा किया गया था, लेकिन वास्तविकता यह है कि विधवा, वृद्ध एवं जरूरतमंद महिलाओं को बीते कई महीनों से केवल 500 रुपए ही मिल रहे हैं। नवंबर माह से लंबित अंतर राशि का भुगतान न होना सरकार के महिला सशक्तिकरण के दावों की सच्चाई उजागर करता है।



इसी मुद्दे को लेकर बसंतपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों की बड़ी संख्या में पीड़ित महिलाएं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में नगर निगम कार्यालय पहुंची और सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान महिलाओं ने स्पष्ट रूप से कहा कि वे बार-बार कार्यालयों के चक्कर काट रही है, लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिल रहा।

ज्ञापन सौंपते समय नगर निगम ईई, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, समाज कल्याण विभाग के प्रतिनिधि तथा निगम के संबंधित शाखा अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। अधिकारियों के समक्ष महिलाओं ने लंबित अंतर राशि के तत्काल भुगतान और नवविवाहित महिलाओं के लिए बंद पड़े पोर्टल को तुरंत शुरू करने की मांग रखी।

इस अवसर पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने अधिकारियों से दो टूक कहा कि जब महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की है, तो केंद्र पर जिम्मेदारी डालकर महिलाओं को भ्रमित करना पूरी तरह गलत है। युवा नेता जय जायसवाल एवं संदीप डहरे ने चेतावनी दी है कि यदि 7 दिवस के भीतर महतारी वंदन योजना की लंबित अंतर राशि का भुगतान नहीं किया गया और बंद पोर्टल को नहीं खोला गया, तो महिलाएं उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी।

## मेयर ने की योजना की सराहना

# उपयोगी है पीएम सूर्यघर बिजली योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महापौर मधुसूदन यादव ने अब प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का कनेक्शन लेकर मोदी सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना में शामिल होकर शहर की जनता के लिए एक अनूठी मिसाल पेश की है। महापौर मधुसूदन ने अपने घर के छत पर 3 केव्ही का सोलर प्लांट लगवाया है और उन्होंने अपने अनुज मदन (मोंटू) यादव को भी प्रेरित कर उनसे भी घर की छत पर 3 केव्ही का सोलर प्लांट लगवाया है। इस प्रकार महापौर मधुसूदन यादव ने अपने परिवार को बिजली उत्पादन के क्षेत्र आत्मनिर्भर बना लिया है।

महापौर मधुसूदन ने बताया कि अपने घर में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनांतर्गत सोलर प्लांट लगाकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आत्मनिर्भर भारत की दिशा में किए जा रहे प्रयासों में अपनी सहभागिता निभाई है और एक छोटा सा योगदान दिया है। महापौर ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रशंसा करते कहा कि यह योजना ऊर्जा उत्पादन एवं संरक्षण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना को जनता का अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। इस योजना से न केवल स्वच्छ, प्रदूषणमुक्त एवं नवीकरणीय ऊर्जा को प्रोत्साहन मिल रह है, बल्कि लोगों को बिजली बिल के बचत से आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो रहा है और लोग ऊर्जा उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन रहे हैं, जो भविष्य में विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में सहायक सिद्ध होगा।



### हितग्राहियों को मिलेगा अनुदान

महापौर ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत सोलर रूफटॉप प्लांट स्थापित करने पर शासन द्वारा विशेष सब्सिडी प्रदान की जा रही है। इस योजना के तहत 1 किलोवाट क्षमता के सोलर प्लांट पर 30 हजार केंद्र से व 15 हजार राज्य से कुल 45 हजार रुपए की वित्तीय सहायता दी जाती है। इसी प्रकार 2 किलोवाट प्लांट पर 90 हजार तक कुल सब्सिडी। जिसमें 60 हजार केंद्रांश से तथा 30 हजार राज्यांश से मिलती है। 3 किलोवाट या उससे अधिक क्षमता के सोलर प्लांट स्थापना पर केंद्र सरकार की ओर से 78 हजार रुपए तथा राज्य सरकार से 30 हजार रुपए कुल 1 लाख 8 हजार रुपए की सबसिडी दी जा रही है। जिसके कारण जनता के लिए सौर ऊर्जा को अपनाना सरल-सुलभ हुआ है। महापौर ने जनमानस से केन्द्र शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना से जुड़कर शीघ्रातिशीघ्र लाभान्वित होने की अपील की है।



20 साल पुरानी जर्जर सड़क, बरसात में ऊपर से बहता है पानी; बिना सूचना पटल शुरू हुआ कार्य

# कोलेगांव-हथमुड़ी प्रधानमंत्री सड़क का लेवल बढ़ाने की मांग तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी तक प्रस्तावित प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ तो कर दिया गया है, लेकिन कार्य की गुणवत्ता और पारदर्शिता को लेकर ग्रामीणों में गहरी नाराजगी देखी जा रही है। लगभग 20 वर्ष पुरानी यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी थी। डामर उखड़कर गड्ढों में तब्दील हो गया था और कई स्थानों पर सड़क का लेवल इतना नीचे दब गया है कि बरसात के दिनों में पानी सीधे सड़क के ऊपर से बहता है। वही ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद क्षेत्रीय विधायक भावना बोहरा द्वारा सड़क के लिए राशि स्वीकृत की गई है, जिसके बाद निर्माण कार्य शुरू हुआ है। किंतु स्थल पर किसी प्रकार का सूचना पटल (बोर्ड) नहीं लगाए जाने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि यह कार्य नवीनीकरण है या केवल मरम्मत। स्टीमेट में क्या-क्या प्रावधान हैं, कहां पुलिया बनेगी, कहां नाली और कहां पीसीसी रोड का निर्माण होगा इसकी जानकारी आम नागरिकों को नहीं मिल पा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में केवल साइड शोल्डर डालकर सड़क को उखाड़ा जा रहा है। पुरानी उखड़ी डामर को किनारे शोल्डर में डाल दिया गया है, जबकि नियमानुसार इसे हटाया जाना चाहिए। वहीं सड़क को उखाड़कर सीधे गिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है, नीचे समुचित बजरी या बेस लेयर नहीं डाली जा रही है, जिससे भविष्य में सड़क की मजबूती पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। सबसे बड़ी समस्या सड़क के लेवल की है। कोलेगांव पुलिया और बसनी पुलिया के पास सड़क पूरी तरह दब चुकी है। बरसात के समय पानी सड़क के ऊपर से बहता है, जिससे सड़क हर वर्ष क्षतिग्रस्त हो जाती है। ग्रामीणों की मांग है कि सड़क का संपूर्ण लेवल मिट्टी डालकर ऊपर उठाया जाए, ताकि वर्षा ऋतु में पानी सड़क के ऊपर से न बहे और निर्माण कार्य टिकाऊ हो सके। कोलेगांव और बसनी में स्थित पुरानी पुलियाएं भी लगभग 20 वर्ष से अधिक पुरानी और नीचे दब चुकी हैं। जब सड़क का नया निर्माण हो रहा है तो पुलियाओं का भी पुनर्निर्माण एवं ऊंचाईकरण आवश्यक है। अन्यथा नई सड़क भी जल्द ही क्षतिग्रस्त होने की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि गांव के अंदर सीसी रोड का प्रावधान योजना में है या नहीं, इसकी भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है। शासन-प्रशासन द्वारा किसी भी शासकीय निर्माण कार्य के पूर्व सूचना पटल लगाना अनिवार्य होता है, किंतु यहां बिना बोर्ड के कार्य प्रारंभ कर दिया गया है, जिससे पारदर्शिता पर सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण निर्धारित नियमों और स्टीमेट के अनुसार किया जाए, सड़क का लेवल बढ़ाया जाए तथा स्थल पर तत्काल सूचना पटल लगाया जाए, ताकि आमजन को योजना की संपूर्ण जानकारी मिल सके।

### गांव के अंदर सीसी रोड के प्रावधान पर असमंजस



ग्रामीणों का कहना है कि यदि सड़क का समुचित ऊंचाईकरण एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं किया गया तो आगामी बरसात में फिर वही स्थिति उत्पन्न होगी और करोड़ों की लागत से बनने वाली सड़क लंबे समय तक टिक नहीं पाएगी।

### संपर्क नहीं हो सका

इस संबंध में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संतोष ठाकुर से फोन पर प्रतिक्रिया लेने का प्रयास किया गया। किंतु उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## रासेयो शिविर में सेवाकार्य करने वाले स्वयंसेवक व ग्रामीणजन हुए सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सेवाकार्य व्यर्थ नहीं जाता, निस्वार्थ भाव से किये गये सेवा का फल मिलकर ही रहता है, प्रकृति-जीव-जन्तु व मानव की सेवा कर हम ईश्वर को पा सकते है उक्त बातें जनपद पंचायत कवर्धा के उपाध्यक्ष एवं शिक्षा समिति के सभापति गणेश तिवारी मुख्य अतिथि के रूप में सात दिवसीय रासेयो शिविर-ज्ञानपुर में उत्कृष्ट कार्य व सेवाकार्य करने वाले स्वयं सेवकों व ग्रामीणजनों को प्रशस्ति देकर सम्मानित करते हुए कह रहे थे। विदित हो कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दशरंगपुर, विकास खण्ड-कवर्धा जिला-कबीरधाम की 100 स्वयं सेवकों की इकाई, ग्राम-ज्ञानपुर में सात दिवसीय शिविर का आयोजन कर, ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता, बालविवाह, नशा उन्मूलन पर, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, पशुचिकित्सा विभाग, समाज कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला न्यायालय इत्यादि विभाग के पाम्पलेट, पोस्टर, तख्तियाँ व गतिविधियों से जागरूक करने का कार्य की है, उन्हें समापन पर, शिविर के सातवें दिवस, जनपद पंचायत-कवर्धा के उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के सभापति गणेश तिवारी के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें अर्जुन राजपूत, ढलेश्वर चंद्राकर, खुलेश्वर साहू, थानेश्वर चंद्राकर, गोपाल चंद्राकर, पोखराज साहू, धनराज साहू, सुमित चंदाकर, प्रकाश साहू, सागर चंद्राकर, कुलेश्वर सिन्हा, लक्ष्मण सिन्हा, अजय धुर्वे, जयंती बारले, राजेश निषाद, ऋतु निषाद, गणेश धुर्वे सहित अतिथियों का बैच व पुष्पाहार से स्वागत किया गया एवं स्वयं सेवकों व ग्रामीण बच्चों द्वारा विहंगम, स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया।

## खबर संक्षेप

### ग्राम गांगचुवा में श्रीमद् भागवत पुराण कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ



**बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग सात किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम गांगचुवा स्थित है जहां श्रीमद् देवी भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का धार्मिक आयोजन कार्यक्रम की शुरुआत 8 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक चला जिसमें हिंदू धर्म की विधि विधान से कलश यात्रा से शुरू की गई कार्यक्रम में कथा व्यास आचार्य पंडित रमाकांत महाराज के द्वारा श्रद्धालु जनों को रसपान कराया गया वही कलश यात्रा वेदी पूजा बाल चरित्र कृष्ण जन्मोत्सव रासलीला और रुक्मणी विवाह में श्रद्धालु लोग राधे राधे कृष्णा कृष्णा की गूंज सुनाई देती रही जिसमें संगीत और स्वर कथा प्रवचन के माध्यम से श्रद्धालु जनों को रसपान कराया गया। समापन कार्यक्रम की दिन पूरी गांव एकत्रित होकर कथा प्रवचन सुनकर आनंदमय हो गए जिनके कारण से ग्राम वासी तथा गांव में धार्मिक आयोजन होने से धार्मिकमय बन गया धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कन्हैया भुनेश्वर पटेल नारायण पटेल विंदा पटेल जुटे रहे।

### कबीरधाम जिले में खुलेगा विवाह पूर्व संवाद केन्द्र

**कवर्धा।** महिला व बाल विकास विभाग जिले में तेरे मेरे सपन नामक विवाह पूर्व संवाद केन्द्र की स्थापना करा रहा है यह केन्द्र एक रिसोर्स सेंटर के रूप में काम करेंगा। यहां विवाह से पहले युवाओं और उनके परिवारों को आवश्यक परामर्श कानूनी जानकारी दी जाएगी।

## भालुचुवा में कक्षा 10वीं के छात्रों की विदाई समारोह एवं करियर काउंसिलिंग आयोजित

- विद्यार्थियों को विषय चयन व भविष्य की राह पर मिला मार्गदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शासकीय हाई स्कूल भालुचुवा में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में विदाई समारोह एवं युवा करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं एवं भविष्य के करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें सही दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा जीवन में अनुशासन, परिश्रम और लक्ष्य निर्धारण के महत्व पर प्रकाश डाला। करियर काउंसलिंग सत्र में विशेषज्ञों एवं शिक्षकों द्वारा कक्षा 10वीं के बाद उपलब्ध विभिन्न विषयों, प्रतियोगी परीक्षाओं, व्यावसायिक पाठ्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। विज्ञान शिक्षिका पूनम तिवारी ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकाय के विकल्पों तथा उनसे जुड़े करियर अवसरों पर विस्तार से मार्गदर्शन देते हुए विद्यार्थियों को रुचि और क्षमता के अनुरूप विषय चयन की सलाह दी। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। शिक्षकों ने परीक्षा तैयारी से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव भी दिए। विदाई समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने वातावरण को भावनात्मक एवं उल्लासपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं से पंकज को मिस्टर फेयरवेल, हेमलता को मिस फेयरवेल तथा महेश्वरी एवं आकाश को बेस्ट स्टूडेंट के रूप में सम्मानित किया गया। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल एवं सफल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वही विद्यार्थियों को स्मृति स्वरूप पेन भेंट किए गए तथा शिक्षकों को स्मृतिचिन्ह देकर आभार व्यक्त किया गया। वही कार्यक्रम में पूनम तिवारी, तरुणा नामदेव, नूतन यादव, भूमिका देशमुख, साधराम बंजारे, परसराम पालेकर, नसीमा परवीन सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

## जिले में सीबीएसई शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार संपन्न

- अशोका पब्लिक स्कूल में सक्रिय अधिगम पद्धति पर विशेष मंथन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विद्यार्थियों को कक्षा में अधिक सक्रिय, आत्मविश्वासी और सहभागी बनाने के उद्देश्य से अशोका पब्लिक स्कूल में सीबीएसई दिशा-निर्देशानुसार शिक्षक प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय सक्रिय अधिगम Active Learning रहा, जिसमें आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य सोहनलाल नापित, लोकनाथ देवांगन एवं एडमिन सागर नामदेव द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। विद्यालय संचालक पवन देवांगन एवं संचालिका सारिका देवांगन ने कहा कि बदलते समय के अनुरूप शिक्षकों का निरंतर प्रशिक्षण आवश्यक है, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा सके। सीबीएसई से पधारे प्रशिक्षक फजलुर रहमान खान एवं आशीष तिवारी ने कक्षा संवाद, केस स्टडी, सिमुलेशन, कॉन्सेप्ट मैप, स्टोरी टेलिंग तथा क्रिटिकल थिंकिंग आधारित गतिविधियों के माध्यम से शिक्षकों को सक्रिय अधिगम की प्रभावी तकनीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि सुनियोजित तैयारी और सहभागिता आधारित शिक्षण से विद्यार्थियों में विषय की गहरी समझ विकसित होती है। प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक चले इस प्रशिक्षण में शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में मूल्यांकन परीक्षा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और शिक्षकों ने इसे अत्यंत उपयोगी व प्रेरणादायी बताया। विद्यालय प्रबंधन ने भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

## शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी का शैक्षणिक भ्रमण, नन्हें कदम, बड़ी उड़ान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



शैक्षणिक भ्रमण नन्हे कदम बड़ी उड़ान बीजाझोरी के बच्चों ने जाना प्रकृति और इतिहास का महत्व कवर्धा विकासखंड के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बीजाझोरी के छात्र-छात्राओ के लिए पिछला दिन बेहद खास और रोमांचक रहा विद्यालय द्वारा आयोजित शैक्षणिक भ्रमण के तहत बच्चों को बिलासपुर के समीप कानन पेंडारी जू और धार्मिक नगरी रतनपुर का धार्मिक और ऐतिहासिक भ्रमण कराया गया वन्यजीव से रुबरु हुए नन्हे मुन्ने बच्चे भ्रमण की शुरूवात कानन पेंडारी जू लाजिकल पार्क से हुई यहाँ बच्चों ने पहली बार शेर, बाघ, हिरण, और अन्य प्रकार के प्रजातियों के पक्षियों को इतने करीब से देखा शिक्षकों ने बच्चों को वन्यजीव के संरक्षण और पर्यावरण के संतुलन के बारे में विस्तार से जानकारी दी बच्चों की आंखो जानवरों को देखने की उत्सुकता और खुशी साफ झलक रही थी इसके बाद बच्चों का दल ऐतिहासिक नगरी रतनपुर पहुँचा यहाँ बच्चों ने सुप्रसिद्ध माँ महामाया देवी के दर्शन किये शिक्षकों ने रतनपुर के गौरवशाली इतिहास और प्राचीन स्थापत्य कला के बारे मे बच्चों को बताया जिससे वे सांस्कृतिक विरासत से प्रचित हो सके इस दौरान शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष एवं समस्त पालकगण के सहमति से शैक्षणिक यात्रा का शुरूवात हुआ इस शैक्षणिक यात्रा मे प्रमुख उपस्थित विद्यालय के प्रधान पाठिका श्रीमती सीमा झा, सहायक शिक्षक श्रीमती यशोधरा धुवे, श्रीमती अनिता सोनी, श्रीमती शिमला, कमलेश यादव, एवं विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं शामिल थे।

## पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर शहीदों को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुईकुकदुर



14 फरवरी 2019 को जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले के लेथपुरा में हुए भीषण आतंकी हमले को आज 7 वर्ष पूरे हो गए इस दिन सीआरपीएफ के 78 वाहनों का काफिला जिसमें लगभग 2500 से अधिक जवान और अधिकारी सवार थे जम्मू श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहा था तभी विस्फोटकों से भरी एक कार ने काफिले के बस को टक्कर मार दी इस कायराना आत्मघाती हमले में देश के 40 वीर जवान शहीद हो गए थे इस हमले के जवाब में भारत ने 26 फरवरी 2019 की सुबह लगभग 3:30 बजे पाकिस्तान के बालाकोट में एयर स्ट्राइक कर आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया इस कार्यवाही ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत अपने अर्ध सैनिकों की शहादत का सम्मान करता है और किसी भी खतरे का मुंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है दुर्ग जिले के पावन धारा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे पुलवामा हमले की सातवीं बरसी पर भूतपूर्व अर्धसैनिक कल्याण संघ छत्तीसगढ़ द्वारा 14 फरवरी 2019 को शहीद हुए अमर वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई अपनी वीर सपूतों को नमन किया कार्यक्रम के अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष शटेकराम साहू शुरुआत की गई उपाध्यक्ष कुमार साहू कोषाध्यक्ष पवन तुलावी सचिव, कमलेश चौबे उप कोषाध्यक्ष, दिलीप खरे मीडिया प्रभारी ज्ञानेश्वर पटेल सलाहकार संतोष वर्मा संरक्षक कल्याण वर्मा नीति प्रकाश कार्यकारिणी सदस्य विनोद सोरी एवं अन्य अधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान से हुआ तत्पश्चात शहीद वीर जवानों की स्मृति में फूल अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए जो शहीद हुए हैं उनकी जरा याद करो कुर्बानी तुम भूल न जाओ उनक्रो इसलिए सुनो ये कहानी इस अवसर पर 12 दिसंबर 2017 को शहीद हुए सहायक उप निरीक्षक(छ.ग.) स्वर्गीय शोभाराम साहू के सुपुत्र जितेंद्र कुमार साहू को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मान किया गया यह सम्मान केवल एक परिवार का नहीं बल्कि उस अदम्य साहस का अभिनंदन था जिसने मातृ भूमि की रक्षा में सर्वस्व अर्पित कर दिया मंच संचालन करते हुए संतोष वर्मा ने 14 फरवरी 2019 पुलवामा आतंकी हमले की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 14 फरवरी कोई साधारण तिथि नहीं बल्कि शौर्य त्याग और बलिदान का प्रतीक दिवस है तुम कितनी भी कयास लगा लो हम खून देने के लिए तत्पर है और बता दिया पूरी दुनिया को की अर्ध सैनिक बल अपने शौर्य में पीछे नहीं है उन्होंने भावुक शब्द में कहा लहू से खींचकर धरती को अमर कहानी लिखे गए वतन की आन की खातिर हंसते-हंसते मिट गए वही अध्यक्ष टेकराम साहू अपने उद्बोधन में शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है और एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है कार्यक्रम में संघ की नई सदस्य श्रीमती करुणेश साहू एवं श्रीमती दास शीला का सम्मान किया गया। वही राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ परंतु शहीदों की अमर कथा उपस्थित जवानों की हृदय में सदैव के लिए अर्पित अंकित हो गई।

फेडरेशन के सतत प्रयासों से जारी हुआ पदोन्नति आदेश, शिक्षकों में खुशी की लहर

## जिले में 70 सहायक शिक्षक बने प्राथमिक प्रधान-पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले के शिक्षा विभाग में लंबे समय से प्रतीक्षित पदोन्नति प्रक्रिया को आखिरकार गति मिल गई है। जिले के 70 सहायक शिक्षकों को प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत करने संबंधी आदेश 16 फरवरी 2026 को जारी कर दिया गया है। आदेश जारी होते ही शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। जनकारी के अनुसार पदोन्नति छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/समग्र शिक्षक फेडरेशन, कबीरधाम के सतत एवं अथक प्रयासों का परिणाम है। फेडरेशन द्वारा इस संबंध में कई बार चर्चा और पत्राचार किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा से भी इस विषय पर विस्तार से चर्चा हुई थी, जिस पर उन्होंने शीघ्र आदेश जारी करने का आश्वासन दिया था। निर्धारित समयावधि के भीतर पदोन्नति आदेश जारी होने से शिक्षकों में संतोष व्याप्त है। फेडरेशन ने बताया कि पदांकन (पोस्टिंग) हेतु काउंसलिंग की तिथि की सूचना पृथक से जारी की जाएगी। संगठन ने विभाग से मांग की है कि काउंसलिंग प्रक्रिया की तिथि शीघ्र घोषित की जाए, ताकि पदोन्नत शिक्षकों को समय पर नवीन पदस्थापना मिल सके। फेडरेशन ने पदोन्नति प्रक्रिया में सहयोग के लिए स्थानीय विधायक एवं छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा, समस्त बीईओ सहित प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग प्रदान करने वाले सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। फेडरेशन पदाधिकारियों ने सभी 70 पदोन्नत सहायक शिक्षकों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं व बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष प्रेम नारायण शर्मा, प्रदेश सदस्य राजेन्द्र शर्मा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष राजू श्रीवास्तव, केसलाल साहू, ब्लॉक अध्यक्ष लोकेंद्र चंद्रवंशी, सुरेश ठाकुर, राजेश मिश्रा, धरमू कुर्रे, नवीन ठाकुर, संजय साहू, हरीश धुर्वे, श्रीमती अर्चना तिवारी, मोनिका चंद्रवंशी, लता चंद्रवंशी, रानी शर्मा, मनोज तिवारी, राजेश पांडे, प्रदीप मांडवी, झूमुख लाल बंछोर, शिव कांति देवांगन सहित फेडरेशन के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल रहे। पदोन्नति आदेश जारी होने से न केवल शिक्षकों का मनोबल बढ़ा है, बल्कि जिले की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।




कार्रवाई : फरार दो आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस, आरोपियों से लूट के जेंवरात व कट्टा बरामद

# कट्टा दिखाकर ग्रामीण दम्पत्ति से लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

गत 16 फरवरी 2026 को दोपहर करीब 01.00 से 01.30 बजे के मध्य थाना पिपरिया क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिंघनपुरी से सोनबरसा जाने वाले मार्ग पर मोटर सायकल सवार चार बदमाशों द्वारा कट्टे की नोंक पर एक ग्रामीण दम्पत्ति से जेवरात की लूट करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से गिरफ्तार कर लिया है। लेकिन वारदात में शामिल दो अन्य आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं जिन्हें पुलिस घटना के चौबिस घंटे बाद भी गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उल्लेखनी है कि इस घटना के बाद प्रार्थी पार्वती वर्मा पति सुरेन्द्र वर्मा उम्र 45 वर्ष निवासी केशडबरी थाना साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ द्वारा सूचना दी गई कि वे अपने पति के साथ मोटर सायकल से अपने भाई के घर ग्राम सोनबरसा जा रही थीं। इसी दौरान दो मोटरसाइकिलों में सवार चार आरोपियों द्वारा कट्टा दिखाकर डराया-धमकाया गया तथा उनके गले में पहने पुराने इस्तेमाली सोने के हार, दो नग सोने के झुमके एवं सोने की पत्ती माला छीनकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही थाना पिपरिया पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। पीड़िता एवं उसके पति के शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीणों एवं राहगीरों द्वारा साहस दिखाते हुए आरोपियों का पीछा किया गया। ग्रामीणों के सहयोग से भाग रहे आरोपियों में से दो आरोपियों को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान मंजीत उर्फ मोनू पिता अजब सिंह निवासी सरीफपुर थाना सिंहबाउली जिला हापुड़ (उत्तर प्रदेश) तथा पवन कुमार पिता रमेश कुमार निवासी बुआडकला थाना खतौली जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) के रूप में की गई है। पुलिस ने इन दोनो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा फरार आरोपियों के संबंध में इनसे पूछताछ की जा रही है लेकिन अभी तक फरार आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

## आरोपियों से देशी कट्टा तथा लूट के जेवर बरामद



पुलिस के अनुसार जांच में यह तथ्य सामने आया है कि पकड़े गए दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के निवासी हैं तथा इनके विरुद्ध पूर्व से हत्या के प्रयास, मारपीट एवं लूट जैसे गंभीर अपराध उत्तर प्रदेश के विभिन्न थानों में पंजीबद्ध हैं। आरोपी पवन कुमार के विरुद्ध गैंगस्टर एवं एंटी सोशल एक्टिविटीज प्रिवेंशन एक्ट के तहत कार्यवाही होना भी ज्ञात हुआ है। पुलिस अधीक्षक कबीरधाम की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया है कि जिले में लूट, डकैती एवं अन्य संगीन अपराधों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार ठोस एवं सख्त कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी

पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से एक देशी कट्टा एवं घटना में प्रयुक्त दोनों मोटर साइकिल तत्काल बरामद कर ली गई। शेष दो फरार आरोपियों की पतासाजी हेतु पुलिस टीम रवाना कर दी गई है तथा संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दी जा रही है। घटना में लूटे गए मशरुका की कुल अनुमानित कीमत लगभग 1,65,000 रुपए है। घटना के दौरान प्रार्थी के गले एवं कलाई में चोट-खरोंच आई है, जिन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया है। मामले में पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# गहरी खाई में गिरा ट्रैक्टर, चालक की मौके पर मौत, 4 नाबालिग घायल



■ ओव्हर लोडिंग व लापरवाही बनी हादसे का कारण, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुई/कुकदुर

पीपरटोला घाट में लकड़ी से लदा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर लगभग 60 फीट गहरी खाई में जा गिरा।

हादसे में ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार नाबालिग घायल हो गए। घायलों में एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान मनीराम बैगा आयु 28 वर्ष निवासी बिरझूनगर के रूप में की गई है।

बताया जा रहा है कि वह ट्रैक्टर से पैरा छोड़ने पीपरटोला गया था। इसी दौरान गांव के चार नाबालिग बच्चे घूमने के उद्देश्य से उसके साथ ट्रैक्टर में सवार हो गए। वापसी के समय ट्रैक्टर में लकड़ी की मोटी बल्लियां लोड की गई थीं। घाटी क्षेत्र के ढलान में ओवरलोड के कारण ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और सीधे गहरी खाई में जा गिरा।

## घायल को किया गया रेफर

घटना की सूचना मिलते ही कूकदूर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय ग्रामीणों की मदद से राहत कार्य शुरू किया गया। घायल बच्चों को एंबुलेंस से कुकदूर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद एक गंभीर रूप से घायल बच्चे को जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस ने शव को खाई से बाहर निकलवाकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है. मामले की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन 25 को

**स.लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम एवं युवा खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में 25 फरवरी 2026 दिन बुधवार को प्रातः 10.30 बजे से जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का विषय आपातकाल के 50 वर्ष, भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक है। जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व और नागरिकता की भावना को मजबूती प्रदान करना है। इस कार्यक्रम में कबीरधाम जिले के वे युवा जो 18 से 25 वर्ष के हैं तथा जिन्होंने माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन किए हैं वह भाग लेंगे।

### कलेक्टर ने ली अधिकारियों की बैठक

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा ने आज कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में पीएम और जनमन योजना के तहत बन रहे आवासों की प्रगति की विकासखंडवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि जितने भी आवास स्वीकृत किंतु अप्रारंभ है उन्हें तत्काल प्रारंभ कराया जाए। इसके लिए सभी आवास मित्र फील्ड निरीक्षण करते हुए हितग्राहियों से व्यक्तिगत संपर्क करें और आवास निर्माण शुरू करवाएं। उन्होंने सभी सीईओ जनपदों को आवास निर्माण प्रगति की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिले में विद्युत सब स्टेशन निर्माण की समीक्षा करते हुए कहा कि जिन स्थानों में यह सब स्टेशन बनने हैं वहां भूमि आबंटन का कार्य तत्काल पूरा करें। साथ ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि आबंटन के साथ ही टेंडर प्रक्रिया पूर्णता वाले स्थानों पर अविलंब निर्माण कार्य प्रारंभ कराया जाए। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने धान उठाव की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि गाड़ियों की संख्या बढ़वाते हुए समिति से धान का उठाव तेजी से करवाया जाए।

### दसवीं के विद्यार्थियों को दिया भावभीनी विदाई

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित विदाई समारोह भावुकता और प्रेरणा के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य का मंत्र देते हुए प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि जीवन में सफलता रातों-रात प्राप्त नहीं होता, बल्कि इसके लिए अटूट धैर्य, कठिन परिश्रम और स्वयं पर अडिग विश्वास का होना अनिवार्य है।

# क्षेत्र के जंगलों में अवैध कटाई खुलेआम, वन विभाग बेपरवाह

## सवाल: मजबूरी या मिलीभगत का खेल?



■ अंचल के पर्यावरण प्रेमियों ने की कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

बोड़ला ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में इन दिनों अवैध कटाई का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। राजाढार से बोक्करखार मार्ग पर सराई (इमारती) वृक्षों की जिस तरह कटाई की जा रही है, वह वन संरक्षण व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

मुख्य मार्ग से सटे इस क्षेत्र में एक बड़े वृक्ष को पूरी तरह काटकर गिरा दिया गया है, वहीं आसपास खड़े करीब पंद्रह पेड़ों को नीचे से गोलाई में काटकर अधमरा छोड़ दिया गया है। जानकारों के अनुसार पेड़ों को इस तरह चारों ओर से छीलकर काटने की पद्धति सुनियोजित होती है। इससे पेड़ धीरे-धीरे सूख जाते हैं और बाद में उन्हें गिराना आसान हो जाता है। यह तरीका आम तौर पर अवैध लकड़ी तस्करी में अपनाया जाता है, ताकि प्रत्यक्ष कटाई का आरोप तुरंत न लगे।

चौंकाने वाली बात यह है कि यह सब जंगल की गहराई में नहीं, बल्कि व्यस्त मार्ग से सटे खुले क्षेत्र में हो रहा है, जहां से रोजाना ग्रामीणों और राहगीरों का आना-जाना लगा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कटाई का यह सिलसिला पिछले कुछ समय से जारी है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

क्षेत्र में तैनात बिट गार्ड, डिप्टी रेंजर और रेंजर की भूमिका पर भी सवाल उठ रहे हैं। जब आम नागरिकों को यह दृश्य साफ दिखाई दे रहा है, तो फिर वन विभाग की

## विभागीय चुप्पी समझ से परे

इस मामले में विभागीय चुप्पी कई तरह की आशंकाओं को जन्म दे रही है। क्या यह निगरानी तंत्र की लापरवाही है, संसाधनों की कमी है या फिर अवैध कटाई में किसी स्तर पर मिलीभगत? वन संपदा की सुरक्षा की जिम्मेदारी जिन अधिकारियों पर है, उन्हीं के क्षेत्र में इस तरह पेड़ों का नुकसान होना चिंताजनक है। वनों की अंधाधुंध कटाई न केवल पर्यावरण संतुलन को प्रभावित करती है, बल्कि स्थानीय जैव विविधता और जल स्रोतों पर भी दीर्घकालिक प्रभाव डालती है। ऐसे में आवश्यक है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अब देखना यह है कि इस प्रकरण में कानून की धार तेज साबित होती है या फिर कुल्हाड़ी।

# सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में कांग्रेस नेता के खिलाफ अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष तुकाराम चन्द्रवंशी के खिलाफ जिले के तरेगांव थाना में अपराध पंजीबद्ध होने के साथ ही जिले की सियासत में एक बार फिर हलचल मच गई है। उन पर आरोप है कि उन्होंने अपने कुछ साथियों के साथ मिलकर निर्माणाधीन सड़क को गैती से उखाड़ दिया और उसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया। वीडियो में सड़क को घटिया बताते हुए शासन प्रशासन की छवि धूमिल करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। वीडियो वायरल होने के बाद प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया। जांच के दौरान टीम ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता को मानक अनुरूप पाया। इसके बाद पुलिस ने शिकायत के आधार पर कार्रवाई तेज करते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक कोयलारी से मूधिया पथरा तक निर्माणाधीन सड़क के पर्यवेक्षण अधिकारी गौरव त्यागी ने शिकायत दर्ज कराई है कि तुकाराम चंद्रवंशी ने अपने साथियों के साथ मिलकर सड़क को नुकसान पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि यह सड़क बैगा बाहुल्य क्षेत्र कोयलारी से मूधिया पथरा तक लगभग 2.1 किलोमीटर लंबाई में बनाई जा रही है। इस निर्माण कार्य की लागत करीब 1 करोड़ 65 लाख रुपये बताई जा रही है। परियोजना का उद्देश्य ग्रामीणों को बेहतर और सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि क्षेत्र के लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों से राहत मिल सके।

## तुकाराम चन्द्रवंशी ने की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग



दूसरी तरफ इस मामले में कांग्रेस नेता तुकाराम चन्द्रवंशी ने शासन प्रशासन से सड़क निर्माण की जांच रिपोर्ट को सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि पहले यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि क्या उक्त भूमि के लिए विधिवत वन अनुमति (फॉरेस्ट क्लीयरेंस) प्राप्त की गई थी। उन्होंने मांग की है कि यदि वन विभाग से अनुमति ली गई है तो संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि सड़क निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप है, तो संबंधित जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जानी चाहिए, ताकि किसी भी प्रकार का भ्रम समाप्त हो सके। अपने बयान में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष को लक्ष्य बनाना नहीं है, बल्कि जनहित के मुद्दों को सामने लाना है। उन्होंने कहा कि वे विधि और संविधान पर पूर्ण आस्था रखते हैं तथा सत्य सामने लाने के लिए सभी वैधानिक विकल्पों का उपयोग करेंगे। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वे किसी दबाव में आने या झुकने वाले नहीं हैं।

## स्कूली बच्चों से सीएम विष्णु देव साय ने कहा ऑल द बेस्ट, प्यारे बच्चों



**कवर्धा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा ऑल द बेस्ट, प्यारे बच्चों। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के छात्र-छात्राओं को परीक्षाओं के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए उन्हें आत्मविश्वास और हौसले के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया है। उन्होंने विद्यार्थियों के नाम अपने आत्मीय संदेश में कहा कि परीक्षाओं का समय जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है, जिसमें उत्साह के साथ थोड़ा तनाव भी स्वाभाविक है, लेकिन घबराने की आवश्यकता नहीं है। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि परीक्षाओं का समय आ गया है। मैं जानता हूँ कि इन दिनों आपके मन में उत्साह भी है और थोड़ा सा तनाव भी। लेकिन सबसे पहले यह जान लीजिए की आप अकेले नहीं हैं, हम सब आपके साथ हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं का समय कभी-कभी मन में घबराहट भी लेकर आता है। यह स्वाभाविक है। यदि आपको डर लग रहा है तो इसका अर्थ है कि आप अपनी पढ़ाई और अपने भविष्य को गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा कि सबसे पहले यह समझ लीजिए की डर कमजोरी नहीं, बल्कि जिम्मेदारी का संकेत है। लेकिन इस डर को अपने आत्मविश्वास पर हावी न होने दें। आपने पूरे वर्ष मेहनत की है। हर दिन का प्रयास, हर अभ्यास, हर दोहराव की सब आपकी ताकत बनकर आपके साथ खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी नियमित पढ़ाई करें, कठिन विषयों को दोहराएं, समय का संतुलन बनाए रखें।

## जेबी पब्लिक स्कूल पांडातराई में श्रद्धा के साथ मनाई गई महाशिवरात्रि



**पाण्डातराई।** नगर स्थित जेबी पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि का पावन पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर भक्ति भाव से कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम की शुरुआत पार्थिव शिवलिंग का निर्माण कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने भगवान शिव का अभिषेक किया और मंत्रोच्चार के बीच आरती उतारी। पूरे वातावरण में हर-हर महादेव के जयघोष और शिव भजनों की गूंज से आध्यात्मिक माहौल बन गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बालक-बालिकाओं को भगवान शिव और माता पार्वती के रूप में सजाया गया। बच्चों की मनमोहक झांकियों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। शिव-पार्वती के स्वरूप में सजे विद्यार्थियों ने मंच पर प्रस्तुति देकर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्ति, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर समन्वय देखने को मिला।

जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में लगातार आयोजित किए जा रहे निःशुल्क शिविर

# 889 गर्भवती महिलाओं को मिला निःशुल्क सोनोग्राफी का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से निःशुल्क सोनोग्राफी जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 889 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की जा चुकी है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की नियमित निगरानी संभव हो रही है। यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बनकर सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप गर्भवती महिलाओं को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स. लोहरा में सबसे अधिक 203 महिलाओं की जांच हुई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में दो चरणों में शिविर आयोजित कर 238 महिलाओं को लाभ दिया गया। दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरेगांव जंगल में 146 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई। इसके अलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया में 144, बोड़ला में 92 तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिल्फी में 66 गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुईं। ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में अक्सर जानकारी और संसाधनों की कमी के कारण गर्भवती महिलाएं समय पर सोनोग्राफी जांच नहीं करा पाती थीं। इन शिविरों से अब गर्भ में पल रहे बच्चे के विकास की सही जानकारी समय पर मिल रही है। किसी भी प्रकार की परेशानी या खतरे की पहचान पहले ही हो जाने से इलाज भी समय रहते संभव हो पा रहा है। सोनोग्राफी जांच शिविरों ने वनांचल क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है। स्थानीय स्तर पर आधुनिक जांच सुविधा उपलब्ध होने से माताओं का भरोसा बढ़ा है और सुरक्षित प्रसव की दिशा में मजबूत आधार बना है।



# पांडातराई में महाशिवरात्रि पर निकली महाकाल की भव्य बारात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर पांडातराई नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महाकाल की भव्य बारात श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। बारात की शुरुआत नगर के प्राचीन शिवालय मंदिर से हुई, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के पश्चात भगवान शिव की आकर्षक झांकी सजाई गई। बारात में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नागपुर से आए कलाकारों ने नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से आयोजन को और भी भव्य बना दिया। ढोल-नगाड़ों और शिव भजनों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए महाकाल की बारात महामाया मंदिर पहुंची, जहां भगवान शिव और माता पार्वती की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के दौरान भक्ति गीतों और झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग आयोजन में शामिल हुए। पूरे आयोजन में श्रद्धा, आस्था और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

